आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
नये जमाने के साथ ...
# यश भारत
● वर्ष- 15 अंक-115 ● जबलपुर ● गुरुवार, 27 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### योगी सरकार ने 6 माह के लिए लगाया एस्मा



उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश में 6 माह के लिए एस्मा ऐक्ट लागू कर दिया है। योगी सरकार ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश में जब तक एस्मा कानून लागू रहेगा तब तक कोई भी सरकारी कर्मचारी भी हड़ताल पर नहीं जा सकेंगे। इस दौरान सरकारी कर्माचारियों की हड़ताल पर पूरी तरह से बैन लगा रहेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ने के कारण योगी सरकार ने यह सख्त फैसला लिया है। प्रदेश सरकार किसी भी तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

### बाजार खुलेंगे मगर आयोजन बंद



मध्य प्रदेश की जनता को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना के साथ ही जीना है। इसलिए एक जून से धीरे-धीरे आर्थिक गतिविधि शुरू होंगी, पर सावधान रहें। अचानक न निकलें। भीड़ न लगाएं, मेला-ठेला न लगाएं। उन्होंने कहा कि निश्चिंत मत हो जाना। संकट अभी टला नहीं है। आयोजन शुरू हुए, तो संक्रमण को बढ़ते देर नहीं लगेगी। शिवराज सिंह चौहान के अनुसार राजनीतिक-सामाजिक आयोजन भी बंद रहेंगे।

# रात आठ बजे होटल के कमरे में मिलने क्यों गई

## सुप्रीम कोर्ट के जज ने किया पीड़िता से सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी सेना के एक जवान को यह कहते हुए गिरफ्तारी से राहत दे दी कि आखिर पीड़िता रात आठ बजे आरोपी से मिलने होटल के कमरे में क्यों गई? यह जवान अभी जम्मू-कश्मीर में तैनात है। जस्टिस विनीत शरण और जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने आरोपी जवान द्वारा दायर अग्रिम जमानत की याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि आरोपी और शिकायकर्ता के बीच पहले से संबंध थे। पीठ ने पीड़िता के वकील से सवाल किया कि रात के आठ बजे पीड़िता आरोपी से मिलने होटल के कमरे में क्यों गई? इस पर वकील ने कहा कि शिकायतकर्ता और आरोपी पहले से एक-दूसरे से परिचित थे। उन्होंने दावा किया कि होटल में चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया गया और इसके बाद दुष्कर्म किया। आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए यह भी कहा कि उसने शादी का झांसा देकर युवती के साथ संबंध बनाए। जवान की ओर से पेश वकील सुमित सिन्हा ने कहा कि याचिकाकर्ता और पीड़िता के बीच संबंध, दोनों की मर्जी से बनाए गए थे। दोनों, एक-दूसरे को 2017 से जानते थे। याचिकाकर्ता का कहना था कि उनके रिश्ते में तब खटास आ गई, जब लड़की के माता-पिता शादी को लेकर मिले थे। इसके बाद शिकायतकर्ता ने एफआईआर दर्ज कर उस पर दुष्कर्म का आरोप लगा दिया। याचिकाकर्ता के वकील सिन्हा ने यह भी कहा कि इस मामले में चार्जशीट दायर होने तक वह जमानत पर था और अब ट्रायल शुरू हो चुका है इसलिए उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का कोई मतलब नहीं है। आगरा में दर्ज मामले में आरोपी को गिरफ्तारी से राहत सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर गौर करने के बाद आगरा के एक थाने में दर्ज इस मामले में जवान को गिरफ्तारी से राहत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यूपी सरकार और शिकायतकर्ता युवती को नोटिस जारी कर छह हफ्ते में जवाब देने को कहा है। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपी जवान को तीन महीने के लिए राहत देते हुए कहा था कि गिरफ्तारी से राहत तीन महीने के बाद नहीं बढ़ाई जाएगी। हाईकोर्ट के इस आदेश को जवान ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।



### बाबा रामदेव की टिप्पणी

## किसी का बाप भी नहीं कर सकता गिरफ्तार..

### टीएमसी सांसद ने का जवाब- भाई और बाप तो विपक्ष को गिरफ्तार करने में व्यस्त हैं



**नई दिल्ली।** योगगुरु बाबा रामदेव इन दिनों अपने विवादित बयानों को लेकर लोगों के निशाने पर हैं। बाबा रामदेव का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे कहते नजर आते हैं कि अरेस्ट तो उनका बाप भी नहीं कर सकता। बाबा के इस बयान पर तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने रामदेव और सरकार को घेरा। मोइत्रा ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि स्वामी रामदेव को गिरफ्तार तो किसी का बाप भी नहीं कर सकता। भाई और बाप तो विपक्ष को गिरफ्तार करने में व्यस्त हैं।

### क्विक अपडेट



### पेट्रोल-डीजल की कीमत में फिर इजाफा,

**नई दिल्ली ।** पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार आसमान छू रही है। गुरुवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ है। तेल कंपनियों ने गुरुवार, 27 मई 2021 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोतरी कर दी है। बुधवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में बढ़ोतरी नहीं हुई थी, लेकिन आज पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर 24 पैसे की बढ़ोतरी हो गई तो वहीं डीजल में 29 पैसे की बढ़ोतरी हो गई है।

### कमजोर पड़ा चक्रवाती तूफान यास, मध्य प्रदेश बढ़ेगा तापमान

**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान यास उड़ीसा से उत्तर, उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने के साथ ही कमजोर पड़ते हुए अवदाब के क्षेत्र में तब्दील हो रहा है। इस तूफान का मध्यप्रदेश में विशेष असर देखने में नहीं आया। हालांकि इसके प्रभाव से गुरूवार को मध्य प्रदेश के पूर्वी इलाके में स्थित शहडोल, रीवा संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### फिल्ममेकर अनुराग कश्यप को पड़ा दिल का दौरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर और फिल्ममेकर अनराग कश्यप को चेस्ट पेन के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जिसके बाद उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है. जांच के दौरान पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था. रिपोर्ट्स के अनुसार उनके दिल में एक ब्लॉकेज आ गया था. सीने में शिकायत के बाद उन्हें तुरंत हॉस्पिल में एडमिट कराया गया.

### बाइडन बोले पता करो चीन की किस लैब से आया कोरोना

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में कहर मचाने वाला कोरोना वायरस आखिरकार आया कहां से? अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को खुफिया एजेंसियों को आदेश दिया है कि कोविड-19 महामारी का जन्म स्थान तलाशने के लिए दोगुना प्रयास करने को कहा है. जो बाइडन ने एजेंसियों को कहा है कि 90 दिन के भीतर पता करें कि आखिर इस कोरोना वायरस का जन्मस्थान कहां है।

### एंटीगुआ सरकार ने भारत को सौंपने का अनुरोध किया

## अगर नहीं फंसा नागरिकता का पेंच तो डोमिनिका से सीधे भारत आ सकता है मेहुल



**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का आरोपी और भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी क्यूबा भागते वक्त रास्ते में ही डोमिनिका में पकड़ा गया। मेहुल चोकसी के पास एंटीगुआ की नागरिकता है। मेहुल चोकसी की करतूतों से परेशान एंटीगुआ की सरकार ने डोमिनिका से उसे सीधे भारत को सौंपने का अनुरोध किया है। अगर ऐसा होता है कि नीरव मोदी से पहले मेहुल चोकसी भारत आ सकता है। भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी 23 मई की शाम को एंटीगुआ स्थित अपने घर से गायब हो गया था। उसके बाद उसके लापता होने की रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी। हालांकि, उसके पहचान के एक शख्स ने दावा किया था कि वो क्यूबा भाग गया है। मेहुल चोकसी एंटीगुआ का नागरिक है और वो पानी के रास्ते भागने की फिराक में था, लेकिन जैसे ही वो डोमिनिका पहुंचा, उसे अधिकारियों ने पकड़ लिया।

#### कैसे सीधे भारत लाया जा सकता है मेहुल

सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि जिस वक्त मेहुल चोकसी को पकड़ा गया, उस वक्त वो एंटीगुआ में नहीं था और वो डोमिनिका का नागरिक नहीं है क्योंकि इंटरपोल की तरफ से मेहुल चोकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है, इसलिए डोमिनिका की सरकार सीधे उसे भारत को सौंप सकती है। सूत्रों के मुताबिक, डोमिनिका में मेहुल चोकसी को डिटेन किए जाने के बाद से ही भारतीय एजेंसियां और अधिकारी उसे भारत वापस लाने के विकल्प तलाश रहे हैं। मेहुल चोकसी के डिटेंशन के बारे में सीबीआई को भी इंटरपोल से जानकारी मिली है। एंटीगुआ की सरकार पहले ही डोमिनिका की सरकार से मेहुल चोकसी को भारत को सौंपने का अनुरोध कर चुकी है। ऐसे में अगर किसी तरह के कानूनी दांव पेंच फंसते हैं तो भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को एंटीगुआ को ही सौंपा जाएगा।

# झारखंड में चक्रवात यास का तांडव, रांची में बाढ़ जैसे हालात

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान यास ने भारी तबाही मचाई है। यास के तांडव से सैकड़ों तटीय गांवों में पानी भर गया और लाखों घर उजड़ गए। इससे पश्चिम बंगाल में तीन और ओडिशा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सिर्फ बंगाल में ही यास से एक करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। लगातार बारिश से ओडिशा-बंगाल के कई जिले जलमग्न हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ गया और सैकड़ों तटबंध टूट गए। राहत एवं बचाव दल लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में जुटे हैं।



झारखंड-चक्रवात यास की वजह से रांची में हो रही भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि बुधवार से यहां बारिश हो रही है। इसलिए यहां का रास्ता ब्लॉक हो गया है। हम यहां पिछले 30-35 साल से रह रहे हैं और जब भी भारी बारिश होती है तो यहां पानी भरता है।

#### झारखंड में बाढ़ जैसे हालात

#### बिहार के कई जिलों में यलो अलर्ट जारी

चक्रवाती यास तूफान का असर बिहार के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल रहा है। प्रदेश के मध्य, दक्षिण और पश्चिम इलाकों में भी अगले 2-3 दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी कर दिया गया है।

#### बाढ़ जैसे हालात

झारखंड में चक्रवात यास की वजह से रांची में हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया, कल से यहां बारिश हो रही है इसलिए यहां का रास्ता ब्लॉक हो गया है। हम यहां पिछले 30-35 साल से रह रहे हैं और जब भी बारिश होती है तो यहां पानी ऐसे ही भर जाता है।

#### रांची में तेज बारिश, जलस्तर बढ़ा

झारखंड में चक्रवात यास की वजह से रांची में तेज बारिश हो रही है। बारिश के कारण नदी का पानी बढ़ गया है।

#### कई जिलों में रेड अलर्ट

चक्रवात यास पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बाद झारखंड पहुंच गया है। पश्चिमी सिंहभूम के जिला कलेक्टर ने बताया कि चक्रवात के तांडव को देखते हुए 201 राहत शिविर बनाए गए हैं। 596 लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया है। निकासी जारी है। कुमारडुंगी में एनडीआरएफ की एक टीम लगाई गई है। चक्रवात यास कुमारडुंगी, मंझरी, चक्रधरपुर और चाईबासा से गुजरेगा। हमारे सभी प्रखंड रेड अलर्ट पर है।

### महाराष्ट्र में फिर महाभारत

## प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे पर नाराज कांग्रेस की धमकी



**मुंबई।** प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे को लेकर महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार में फिर से महाभारत शुरू हो गया है जो थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मुद्दे पर एनसीपी और कांग्रेस के बीच चल रही जंग महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के लिए अब सिरदर्द बन सकता है. अब कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर सरकार छोड़ने की धमकी भी दे दी है, लेकिन भाजपा को रोकने के लिए बाहर से समर्थन देने की बात भी कही है. अब इस मामले को लेकर आज होने वाली प्रदेश कैबिनेट की बैठक में सीएम उद्धव क्या फैसला लेंगे, इसपर सबकी नजर रहेगी आज मंत्रिमंडल की बैठक में कांग्रेस के मंत्री प्रोमोशन में आरक्षण के मुद्दे को उठाने वाले हैं। बता दें कि कैबिनेट की पिछली बैठक में भी इस मुद्दे पर कांग्रेस के मंत्री नितिन राउत, वर्षा गायकवाड और विजय वडेट्टीवार की उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ गरमागरम बहस हो चुकी है। कांग्रेस के बिगड़े रुख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने मंत्रिमंडल की मीटिंग से पहले ही इस मुद्दे पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी देना शुरू कर दिया है। बुधवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी की राय एकदम स्पष्ट है और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को इससे अवगत करा दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर राज्य के ऊर्जा मंत्री नितिन राउत सबसे ज्यादा आक्रामक रुख दिखा रहे हैं।

# कोरोना के मामलों में उतार चढ़ाव

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर का प्रकोप जारी है। यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश समेत ज्यादातर राज्यों में तमाम पाबंदियां लागू हैं। कोरोना संक्रमण के नए मामलों में उतार-चढ़ाव जारी है। वहीं आज कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में 2.11 लाख से ज्यादा नए कोरोना मरीज मिले हैं और 3,847 लोगों की जान चली गई है। इस बीच, देश में ब्लैक फंगस भी तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सर्विसेज ई-हेल्थ असिस्टेंस एंड टेली-कंसल्टेशन ओपीडी पोर्टल लॉन्च किया। चिकित्सा का यह ऑनलाइन माध्यम, न केवल दूरदराज के क्षेत्रों तक भी व्यापक पहुंच, बल्कि संपर्क रहित और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करता है। इससे एक ओर अस्पताल में पर लोड कम होगा और दूसरी ओर मरीज़ भी अधिक आसानी से कंसल्टेशन प्राप्त कर सकेंगे। रक्षामंत्री ने बताया कि वर्तमान में हम जिस दौर से गुजर रहे हैं,निश्चित ही यह हम सबके लिए अप्रत्याशित रहा है। ऐसे कठिन समय के बारे में हमने नहीं सोचा था लेकिन इस दौरान जीवन के अनेक क्षेत्रों में हमने नवीनीकरण और विकास के नए तरीके खोजे हैं आज लॉन्च हो रहा ये पोर्टल इसका बड़ा उदाहरण हैं।



#### बच्चों के लिए टीके खरीदे जाएं -केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बच्चों को टीका लगाने के लिए जल्द से जल्द फाइजर का कोविड-19 रोधी टीका खरीदने की गुरुवार को मांग की। उन्होंने यह मांग तब की जब इससे पहले अमेरिकी दवा कंपनी ने भारत में अपने टीकों को जल्द से जल्द मंजूरी दिए जाने की मांग की।

### बुरहानपुर के चांदनी में हादसा

# ट्रेन की रफ्तार से गिर गया रेलवे स्टेशन का नया भवन

### देश में संभवतः यह पहली घटना, बड़ा हादसा टला, कई ट्रेने रोकी गईं

**बुरहानपुर।** एमपी बुरहानपुर जिले में बुधवार को भी हुआ। दरअसल, जिले के चांदनी रेलवे स्टेशन पर हाल ही में एक नया भवन बनाया गया था, जो अचानक एक ट्रेन के गुजरने के दौरान गिर पड़ा। चांदनी रेलवे स्टेशन पर हुए इस हादसे में अच्छी बात यह रही कि कोई भी व्यक्ति चोटिल नहीं हुआ। हादसे के समय अगर भवन के अंदर कोई मौजूद भी होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इधर, जब घटना की जानकारी भुसावल रेल मंडल को मिली तो तुरंत मौके पर सभी अधिकारी दल पहुंच गए और हालात का जायजा लिया। इसके बाद जांच के आदेश दे दिए गए। जानकारी के अनुसार स्टेशन परिसर में नए भवन के निर्माण कार्य में बेकार क्वालिटी की सामग्री का उपयोग किया गया है। छज्जा गिरने की घटना की जांच करवाकर ठेकेदार पर कार्रवाई की जा सकती है। जल्द ही ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज होगा। नेपानगर से पांच किमी दूर स्थित चांदनी रेलवे स्टेशन पर बुधवार शाम 4 बजे जैसे ही पुष्पक एक्सप्रेस गुजरी स्टेशन भवन की दीवारें थर-थराने लगीं। और सामने का हिस्सा ढहने लगा। हादसे के वक्त पुष्पक की स्पीड 110 किमी प्रति घंटा थी। गनीमत रही कि ड्यूटी पर तैनात एएसएम प्रदीप कुमार पवार हादसे का शिकार होने से बच गए। देश में संभवत: यह पहली घटना होगी कि रेलवे स्टेशन का भवन ट्रेन गुजरने से गिरा हो



# सोशल मीडिया यूजर्स को डरने की जरुरत नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया के नए नियम केवल दुरुपयोग रोकने के लिए बनाए गए हैं। इससे यूजर्स की निजता को किसी प्रकार का खतरा नहीं है। बता दें कि व्हॉट्सएप ने इन आईटी नियमों को अदालत में चुनौती दी है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने बयान जारी किया है। केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने के लिए नए आईटी नियम जारी किए थे, जो 25 मई से प्रभावी हो गए हैं। इसे लेकर फेसबुक के मालिकाना हक वाले मैसेजिंग एप व्हाट्सएप ने भारत सरकार के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सरकार निजता के अधिकार को पूरी तरह मानती है और उसका सम्मान करती है। नए आईटी नियम सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए बनाए गए हैं। इनसे व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया यूजर्स को डरने की आवश्यकता नहीं है। नए आईटी नियम सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाएंगे।



#### ट्विटर ने जताई चिंता

भारत सरकार की पॉलिसी को मानने का बवाल महसूस कर रही सोशल मीडिया कंपनी ट्वीटर ने नया बयान जारी किया है। यह बयान बीते दिनों दिल्ली स्थिति दफ्तर पर मारे गए छापे के संबंध में है। अपने ताजा ट्वीट में लिखा है कि उसे भारत में काम कर रहे उसे स्टाफ के लोगों की सुरक्षा का खतरा सता रहा है। पुलिस की स्पेशल सेल ने बीते सोमवार को ट्विटर इंडिया के दो ऑफिसों पर छापा मारा था। इसके बाद सियासत भी गर्म हो गई।

# मास्क के लिए रोका तो महिला ने जड़ा थप्पड़

**खंडवा।** मास्क नही लगाने पर हुए विवाद में होमगार्ड जवान को महिला ने चांटा मार दिया। महिला ने होमगार्ड के जवान पर अभद्रता करने के आरोप लगाए। इधर होमगार्ड जवान ने भी महिला पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने कोटवाली थाने में शिकायत की। घंटाघर चौराहे पर जिला प्रशासन के द्वारा मास्क नहीं लगाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। रोज की तरह गुरुवार को भी आदिम जाती कल्याण विभाग के अधिकारी विदित पांडे होमगार्ड जवान श्यामलाल और अन्य कर्मचारियों के साथ मास्क नहीं लगाने वालों को रोक रहे थे। मास्क नहीं लगाने पर महिला आशा बाई और उनके बेटे को चौराहे पर रोका गया। होमगार्ड जवान ने मास्क नहीं लगाने पर कहां चालान बनेगा, बाइक एक तरफ खड़े कर दो। इस बात को लेकर महिला आशा बाई और होमगार्ड जवान श्यामलाल के बीच विवाद हो गया।






# पीएम मोदी बोले-दुनिया में जहां मिले दवा लेकर आओ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस के बाद महामारी का रूप ले चुक ब्लैक फंगस की दवा का इंतजाम करने का जिम्मा अब अपने हाथों में ले लिया है। बता दें कि ब्लैक फंगस के इलाज में लिपोसोमल एंफोटेरेसिरिन बी नाम के इंजेक्शन का इस्तेमाल होता है। पीएम मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दुनिया के किसी भी कोने में यह दवा मिले, तो उसे भारत लाया जाए। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने पांच और कंपनियों को लिपोसोमल एंफोटेरेसिरिन बी बनाने का लाइसेंस भी दे दिया है. पीएम मोदी लगातार ब्लैक फंगस और लिपोसोमल एंफोटेरेसिरिन बी इंजेक्शन की उपलब्धता को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर रहे हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने अधिकारियों को साफ-साफ शब्दों में कह दिया है कि विश्व के किसी भी देश में ये दवा मिले, वहां से इसे तुरंत भारत लाया जाए. इसके बाद दुनियाभर में मौजूदा भारतीय दूतावासों की मदद ली जा रही है. भारतीय दूतावास अपने-अपने देशों में लिपोसोमल एंफोटेरेसिरिन बी की खोज कर रहे हैं. अमेरिका की गलियड साइंसेज नाम की कंपनी से मदद मिली है। बता दें कि ये कंपनी भारत को रेमडेसिविर भी उपलब्ध करा रही है। अब ये कंपनी एंफोटेरेसिरिन बी भी भारत को उपलब्ध करा रही है. अभी तक इसकी 121,000 वायल या शीशियां भारत भेजी जा चुकी हैं और जल्दी ही 85,000 वायल और पहुंचने वाली है. बताया जा रहा है कि गलियड साइंसेज ने मायलन के जरिए भारत में एंफोटेरेसिरिन बी की 10 लाख खुराक भेजने का लक्ष्य रखा है. बता दें कि भारत ब्लैक फंगस की वैश्विक राजधानी बनता जा रहा है. पिछले दो महीने के अंदर भारत में 8000 से ज्यादा ब्लैक फंगस के मामले सामने आए हैं. इससे अब तक कई लोगों की जान भी जा चुकी है.



## दिल्ली में शुरू हुआ कोरोना की इस दवा से इलाज, एक डोज ही होगी काफी



**नई दिल्ली।** कोरोना के खिलाफ चल रही जंग में जहां वैक्सीन लोगों को दी जा रही हैं, वहीं दवाएं भी तैयार की जा रही हैं. अब भारत में भी कॉकटेल ड्रग का इस्तेमाल शुरू हो गया है. हरियाणा के 84 साल के मोहब्बत सिंह कोरोना के वो पहले मरीज हैं, जिन्हें यह दवा दी गई है. आज से ये दवा दिल्ली में मिलने लगेगी. गुरुवार से राजधानी दिल्ली के मरीजों को यह दवा मिल सकती है. यह एंटीबॉडी कॉकटेल देश में बीते सोमवार को लॉन्च की गई थी. रॉश इंडिया और सिपला की तरफ से सोमवार को लॉन्च की गई इस दवा की कीमत 59 हजार 750 रुपये प्रति डोज होगी. इस दवा के एक पैक में दो डोज दवा होगी जिसकी कीमत 1 लाख 19 हजार 500 रुपये होगी. हर पैक में दो मरीजों का इलाज किया जा सकता है। संक्रमित मरीज के इलाज के लिए एक ही डोज की जरूरत होगी।


जबलपुर,कटनी, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# देश के जाने-माने डॉक्टर देंगे हेल्दी फूड हैबिट की जानकारी

**जबलपुर।** शहरी एवं आवास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सही फूड हैबिट अपनाने की जागरूकता लाने हेतु ईट राइट कार्यक्रम चलाया गया है, जिसमे लोगो को सही खाने की आदतों के बारे में बताया जाएगा एवं शहर के होटल रेस्टोरेंट को उनके फूड की क्वालिटी के आधार पर रेटिंग भी जारी की जाएगी। इस अभियान के तहत जबलपुर स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त संदीप जी आर के मार्गदर्शन में लोगों को ईट राइट की जानकारी दी जाएगी।इस संबंध में स्मार्ट सिटी के सीईओ श्रीमती निधि सिंह राजपूत के ने बताया कि कोविड के दौरान सही फूड हैबिट के बारे में




**28 मई को स्मार्ट सिटी द्वारा वेबीनार को जॉइन का आयोजन**

लोगों को जागरूक करने के लिए निगमायुक्त श्री संदीप जी आर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ऑनलाइन संवाद श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है *जिसका प्रथम ऑनलाइन संस्करण दिनांक 28 मई शुक्रवार को 03* बजे होगा जिसकी थीम है च्स्नद्वदद्धह्लद्बठ्ठद ष्टश1द्बस्र ञ्जद्बह्लश्वह्लद्दद्ध ।।द्गड्डह्यह्लद्ध4 श्वड्डह्लद्बठ्ठद ।।ड्डद्बह्लह्यज् जिसमें सुप्रसिद्ध एक्सपर्ट डॉक्टर के द्वारा बेहतर फूड हैबिट के बारे में जबलपुर शहर की जनता से सवांद किया जाएगा। वेबिनार में एक्सपर्ट पैनल में मेदांता होस्पिटल दिल्ली से डॉ. अरविंद, डॉ. बेलाल, जबलपुर के नामी डॉक्टर्स डॉ अखिलेश गुमाश्ता, डॉ परिमल स्वामी, डॉ राजलक्ष्मी आदि रहेंगे। 28 मई के ऑनलाइन इवेंट से जुड़कर सभी जकन सकेंगे कि कोविड-19 के दौरान हम कैसे अपने जीवन में हेल्दी डाइट को शामिल कर अपनी इम्यूनिटी को बढ़ा सकते हैं। ऑनलाइन इवेंट को जबलपुर स्मार्ट सिटी के फेसबुक पेज से जॉइन कर सकते है।

# तल्ख होने लगा मौसम धूप भी तेज

**जबलपुर,यशभारत। बंगाल की खाड़ी से उठा तूफान यास उड़ीसा से उत्तर, उत्तर- पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस तूफान के गुरूवार को कमजोर पड़कर अवदाब के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का मध्यप्रदेश में विशेष असर नहीं पड़ा है। जबलपुर में अभी दो दिन तक मौसम शुष्क बना रहने की संभावना है। जबकि पूर्वी मप्र के रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बरसात हो सकती है।**



उधर नौतपा के तीसरे दिन आत सुबह से सूर्य की तेज तपन शूरू हो गई। वैसे बुधवार से ही मौसम के मिजाज तलखी आ गई है। अधिकतम तापमान दो डिसे बढ़कर 39.2 रहा। जो सामान्य से 3 डिसे अधिक रहा। जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 डिसे था। मौसम विभाग के अनुसार अब तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे 30. 4 तापमान में और आज दिन का तापमान 40 डिसे पार कर सकता है। कल रात का तापमान 24.4 डिग्रीसे. दर्ज किया गया। यह भी सामान्य से 4 डिसे कम रहा रहा और मंगलवार के न्यूनतम तापमान (21.2 डिग्रीसे.) के मुकाबले 3.2 डिग्रीसे. अधिक रहा। आज सुबह से ही धूप के तेवर तीखे थेञ। गुरूवार को अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### अरब सागर से मिल रही नमी के कारण छा रहे बादल

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में हवा का रूख पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। हवाओं के साथ ही अरब सागर से कुछ नमी भी मिल रही है। उधर मराठवाड़ा से कर्नाटक तक एक ट्रफ भी बना हुआ है। इस वजह से इंदौर संभाग और उसके आसपास के जिलों में बौछारें पड़ने की संभावना भी बनी हुई है। शुक्ला के मुताबिक 28 मई तक तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला बना रहेगा। इसके बाद बादल छाने और गरज-चमक की स्थिति बनने की भी संभावना है।



# कलेक्टर कंट्रोल रूम परिवार की निरंतर पहल

## गक्कड़ भर्ता और मलीदा का वितरण किया कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम परिवार ने

***जबलपुर।** जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने तीन हजार परिवारों के लिए गक्कड़भर्ता और मलीदा के पैकेटों का वितरण अरनव ऐजुकेशन एण्ड वेलफ़ेयर सोसायटी की अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, प्रयास जन सशक्तिकरण संस्थान की अध्यक्ष रानू शर्मा सहित एक दर्जन सामाजिक संस्थाओं को देते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने शासकीय दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए लगातार गरीब,असहाय,भूखे और दिव्यांगों लोगों को प्रतिदिन भोजन व्यवस्था उपलब्ध करवाता आ रहा है जो एक सराहनीय कदम है। जैसा विदित हैं कि एक माह से अधिक समय से शहर में कोरोना कर्फ्यू के चलते दुकानें पूरी तरह बंद हैं।इससे खास तौर से उस वर्ग के लिए पेट भरने का संकट आ गया है, जो रोज दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। रिक्शा-ठेला चालक, चाय-पान के छोटे दुकानदार, फेरी करने, फुटपाथ और रेहड़ी पर दुकान लगाने वाले हजारों परिवारों के समक्ष आमदनी का कोई जरिया न होने से घर में चूल्हा जल पाना मुश्किल हो गया है। ऐसे लोगों की मदद के लिए कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने शासकीय दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए लगातार रिक्शा चालक, मजदूर वर्क, दूसरे क्षेत्र से आए हुए गरीब,असहाय,भूखे और दिव्यांगों लोगों जो भूख से तड़प रहे थे,उन परिवारों को प्रतिदिन भोजन व्यवस्था उपलब्ध करवाता आ रहा है इसी श्रंखला में आज बुधवार को गक्कड़ भर्ता और मलीदा के पैकेटों का वितरण मेडिकल, विक्टोरिया, रामपुर, गोरखपुर मदन महल, पुरवा,गढा, बाजनामठ बस्ती,शास्त्री नगर बरगी हिल्स आदि क्षेत्रों में उमाशंकर अवस्थी के नेतृत्व में अनिल मरावी, सुशील कुमार तिवारी, श्री राकेश मून, राजेश गौड,दीपक अहिरवार, महेंद्र कुमरे, उमेश यादव, विनोद कोरटकर, जय चन्द्र राठौर, विकास जी,लारेन्स चौरे,आकाश यादव अनुज , चन्द प्रकाश उसरेठे, शिवम् अवस्थी ,रूद्र प्रताप परिहार ,श्याम बाल्मिक आदि ने घर घर जाकर वितरण किया।

# अनलॉक के पहले ही बेवजह घूमना न पड़ जाए भारी

**जबलपुर।** सरकार ने फिलहाल जून में अनलॉक के संकेत दिए हैं पर शहरवासियों ने जैसे मान लिया हो कि अनलॉक हो ही गया है। पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण की गिरती रफ्तार ने मानों शहर के लोगों में कोरोना का डर कम कर दिया है। क्योंकि कोरोना संक्रमित कम आ रहे हैं। वहीं मौतों का सिलसिला उसी रफ्तार से चल रहा है जो न केवल चिंता का विषय है बल्कि ऐसे लोगों के लिए चेतावनी भी है तो अनलॉक के पहले ही बेवजह घूम रहे हैं। क्योंकि तीसरी लहर आ सकती है। बुधवार को जिले में 99 नये मरीज सामने आए हैं जिसमें 261व्यक्ति डिस्चार्ज हुए है। जबकि 8लोगों की मौत हुई है। अब तक 579 मौतें संक्रमण से हो चुकी है।एक्टिव केस 1519 है।गौरतलब है कि अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं जब अस्पताल से लेकर शमशान तक लंबी कतारें लग गई थीं। ऐसे में वही गलती दोहराकर लापरवाह नागरिक तीसरी लहर को निमंत्रण दे रहे हैं। सब्जी और राशन के नाम पर फिर जमघट सब्जी और राशन लेने के लिए ऐसी भीड़ उमड़ रही है जैसे कल होगा ही नहीं। सड़कों पर ज्यादातर भीड़ सब्जी व फल बेचने वालों की है और यही स्थान कोरोना के नए हॉट स्पॉट बन रहे हैं। खानपान और रोजी-रोटी भी जरूरी है लेकिन इस शर्त पर नहीं कि सोशल डिस्टेंसिंग की फिर धज्जियां उड़ाई जाएं। प्रशासन को अनलॉक करने से पहले इसकी तैयारी करनी होगी, जिससे शहर में अचानक भीड़ न उमड़े। कोरोना के चलते सरकारी रिकॉर्ड में औसतन 8 मौतें हर रोज दर्ज हो रही हैं। अप्रैल माह में मौतों का सिलसिला मई में भी जारी रहा। 1 से 26 मई तक सरकारी रिकॉर्ड में 156 मौतें दर्ज हुई। हालांकि सबसे कम मौतें 20 मई को 2, 21 को 3, 22 मई को 4 मौतें दर्ज हुईं।

**शहर के लोगों में कोरोना का डर कम**

# निजी अस्पतालों व बीमा कंपनियों की मनमानी का विरोध

**जबलपुर।** उत्तर मध्य विधानसभा आपदा प्रबंधन समिति के द्वारा विधायक विनय सक्सेना के नेतृत्व में निजी अस्पतालों की मनमानी व बीमा कंपनियों द्वारा अपने हितग्राहियों के साथ लगातार धोखाधड़ी का विरोध किया गया। एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य प्रवेंद्र चौहान, कपिल श्रीवास्तव, रितेश नोतनानी, पंकज निगम, रम्बल विश्वकर्मा, अनमोल सोनी व सुदीप सिंह मौजूद रहे। आरोप लगाया गया कि निजी अस्पताल व बीमा कंपनीयां अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग नहीं कर रहे हैं।

# कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण-मुख्यमंत्री ने की जबलपुर की तारीफ





जबलपुर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर जिले में कोरोना के संक्रमण पर नियंत्रण हासिल करने में मिली सफलता के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों के जज्बे, हौंसले और एकजुट प्रयासों की सराहना की है। श्री चौहान आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जबलपुर, भोपाल, इंदौर एवं सागर जिले में कोरोना की वर्तमान स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे।

वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान जबलपुर में कलेक्ट्रेट स्थित व्हीसी रूम में सांसद राकेश सिंह, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, श्री सुशील तिवारी इंदु एवं संजय यादव, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, नगर निगम आयुक्त संदीप जीआर, डॉ. जीतेन्द्र जामदार, जिला पंचायत की सीईओ रिजु बाफना, अपर कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं राजेश बाथम तथा सीएमएचओ डॉ. रत्नेश कुररिया मौजूद थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कांफ्रेसिंग में जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों से भी चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने जिले में कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण पाने के लिए सभी जरूरी एहतियात बरतने की जरूरत बताई तथा कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये। विदित हो कि जबलपुर जिले में करीब तीन सप्ताह पहले तक कोरोना संक्रमण की दर लगभग तीस प्रतिशत थी जो अब घटकर महज दो फीसदी के आसपास रह गई है।

# जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्कूल मंडला ने सेवा के लिए खोले अपने दरवाजे

जबलपुर। कोविड-19 महामारी के कारण विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा आदिवासी क्षेत्र मंडला के खैरी क्षेत्र में खोला गया विकलांग बच्चों का सेन्टर आगामी काफी दिनों तक बंद रहने की संभावनाओ के कारण, और वहां के शिक्षकों द्वारा विकलांग बच्चों को जरूरत पड़ने पर घर-घर जाकर दी जा रही शिक्षा के कारण इस शाला को बच्चों हेतु कोविड-19 का अस्पताल बनाने के लिए शासन को दिया गया है। इस कोविड सेन्टर में शासन द्वारा करीब 40 बिस्तरों का बच्चों हेतु अस्पताल बनाया जा रहा है।जानकारी देते हुए श्री बलदीप मैनी ने बताया कि श्री तन्खा द्वारा आगे आते हुए इस सेन्टर को सुचारू रूप से कार्य करने हेतु 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी प्रदान किये गये हैं ताकि अगर किसी बच्चे को ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़े तो उसे ये सुविधा प्राप्त हो सके। इसी प्रकार श्री तन्खा द्वारा एक ई-ऑटो एम्बुलेंस भी इस बच्चों के कोविड सेन्टर को प्रदान की गयी है। ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य जरूरी उपकरणों से युक्त ई-ऑटो एम्बुलेंस का उपयोग सिर्फ बच्चों को ही इस सेन्टर में लाने ले जाने हेतु किया जायेगा ताकि उनमे किसी और से किसी प्रकार के संक्रमण का खतरा ना हो सके। इस ऑटो एम्बुलेंस को कीटाणु रहित करने का प्रबंध भी किया गया है। यह ऑटो एम्बुलेंस मंडला के बच्चों के कोविड सेन्टर को आगामी 2-3 दिनों के अंदर प्राप्त हो जायेगी।श्री तन्खा ने इस कोविड सेन्टर की स्थापना हेतु मंडला कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला एवं जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्कूल के संचालकों को भी इस अच्छे प्रयास हेतु प्रेषित की है।ग

# आम नागरिकों को जलप्लावन से मिलेगी राहत

## नाला नालियों की सफाई कार्यों पर निगरानी के लिए वरिष्ठअधिकारियों को उतारा मैदान में

**जबलपुर।** जलप्लावन की रोकथाम और शहर के नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए अभियान चलाकर सभी नाला नालियों एवं कंजर्वेन्सियों की सफाई कराई जा रही है।सफाई अभियान के कार्यों पर निगरानी रखने और बेहतर ढंग से सफाई करवाने हेतु निगमायुक्त संदीप जी आर ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को मैदान में उतार दिया है।निगमायुक्त संदीप जी आर के द्वारा जारी आदेशों के तहत आज अवकाश के दिन भी पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया गया।इस मौके पर नगर निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।सफाई अभियान के संबंध में निगमायुक्त ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा अवकाश के दिन संभाग क्रमांक 1 से लेकर 16 तक में सफाई अभियान चलाया गया।इस दौरान सभी अधिकारियों की उपस्थिति में नाला नालियों की तलिझार सफाई करवाई गई।निगमायुक्त ने बताया कि इससे शहर के नागरिकों को इस वर्ष वर्षाऋतु के समय काफी राहत मिलेगी। निगमायुक्त ने वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो और कहीं पर भी इस वर्ष जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी के साथ साथ सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों, सभी संभागीय अधिकारियों, संभागीय यंत्रियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को अलग से निर्देशित किया कि प्रतिदिन नाला नालियों की सफाई पर फोकस रखें।उन्होंने स्वास्थ्य अमले से कहा कि पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरकर इस अभियान को सफल बनायें।



### इस वर्ष नहीं भरेगा कहीं भी पानी-निगमायुक्त

निगमायुक्त श्री जी आर ने अमले से आज कहा कि जहॉं भी ऐसी स्थिति निर्मित होने की संभावना दिखाई दे या कोई जल निकासी व्यवस्था को अवरूद्ध किया हो वहॉं पर कार्यवाही अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराएँ।

# महंगे होंगे फ्रिज, एसी व वाशिंग मशीन

**जबलपुर।** पेट्रोल-डीजल और खाने-पीने के सामान महंगे होने के बाद फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों की कीमतें भी 15 जुलाई से बढ़ने वाली हैं। दरअसल, कमोडिटी (तांबा, कॉपर, एल्युमिनियम, स्टील) की कीमतों में तेजी और उत्पादन लागत बढ़ने से निर्माता कंपनियां जुलाई के मध्य से इनकी कीमतें 10-15 फीसदी बढ़ा सकती हैं। इससे पहले फरवरी में भी कंपनियों ने दाम बढ़ाए थे। कंपनियों का कहना है कि देश में गर्मी शुरू होते ही फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन आदि की मांग बढ़ जाती है। लेकिन, अधिकतर राज्यों में लॉकडाउन के कारण इन घरेलू सहित गैर-जरूरी वस्तुओं की बिक्री अभी बंद है। लॉकडाउन में ढील मिलते ही इनकी बिक्री में तेजी आएगी, लेकिन आपूर्ति बाधित होने से मांग पूरी में दिक्कत आएगी और इसका असर कीमतों पर दिखेगा।लॉकडाउन हटने के बाद मांग को देखते हुए लागत वृद्धि का भार ग्राहकों पर डाला जाएगा। उधर, केयर रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा है कि ग्रामीण आय में तेजी और सरकारी प्रयासों से गांवों में बिजली की पहुंच घरेलू उपकरणों की मांग बढ़ा सकती है। उपभोक्ता वस्तुओं के विश्लेषक कहते हैं कि उपभोक्ता वस्तुओं की मांग बहुत कम है, जबकि कमोडिटी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। कंपनियां कीमतें बढ़ाने के लिए एक महीने तक इंतजार कर सकती हैं, लेकिन आखिर में बढ़ी लागत का भार ग्राहकों पर डालना ही होगा।

# नया वार्ड 74 अमखेरा में पाइप लाइन फूटी

## सड़कों पर 15 दिन से बह रहा पानी

**जबलपुर,यशभारत।** एक और जहां नगर निगम ऐसी व्यवस्था में जुटा है कि कही भी गर्मी में लोगों को जलंसकट का दशं ने भोगना पड़े वही दूसरी ओर कई वार्डो में पाइप लाइन के लीकेज के कारण हजारों गैलन पानी व्यर्थ वह रहा है। इसकी बानगी नया वार्ड 74 अमखेरा केसर विहार कॉलोनी है जहां 15 दिन से नर्मदा पाइपलाइन लगभग पूरे वार्ड में 10 जगह से फूटी है । लाखों गैलन पानी बह चुका है पर किसी को भी चिंता नहीं है । इस गर्मी में जहां लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे । यहां हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। नगर निगम के जल विभाग से शिकायत करने के बाद भी पाइप लाइन नहीं बदले जाने से सड़कों पर पानी बह रहा हे। जिससे जनता में आक्रोश है।





# पंच पर्वा महा आरती

जबलपुर। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य आश्रम सिविक सेंटर मढाताल जबलपुर में वैशाख मास की पूर्णता पर पूर्णमासी के अत्यंत पावन पुनीत पर्व पर पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज के संरक्षण में पंच पर्वा महा आरती का आयोजन किया गया है। वैशाख मास के विषय में धर्म शास्त्रों में लिखा है कि पूरे वैशाख मास में प्राणी को स्नान और दान करना चाहिए स्नान दान के लिए यह मासअत्यंत प्रसिद्ध है।यदि कोई व्यक्ति मास पर्यंत स्नान दान नहीं कर सकता है । एकादशी से 5 दिन करना चाहिए, यदि कोई एकादशी से 5 दिन भी नहीं कर सकता है तो पूर्णिमा के 3 दिन पहले से स्नान दान का विधान किया गया और यदि 3 दिन भी जो व्यक्ति नहीं कर पाता है उसको मात्र 1 दिन अर्थात पूर्णिमा के दिन महा आरती करने से मास पर्यंत आरती करने का पूजन करने का पुण्य प्राप्त हो जाता है । यह अत्यन्तपवित्र मास माना जाता है कि इस मास में भगवान के अनेकअवतारों का प्रसंग प्राप्त होता है यह मास युग का भी आरंभ है।

## मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत

# सिद्ध बाबा वार्ड में महिलाओं को अस्थाई पात्रता पर्ची वितरण

जबलपुर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा चलाई गई अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत*सिद्ध बाबा वॉर्ड क्रमांक 48 के परिवारों की महिलाओ को अंजली नाहर द्वारा आस्थाई पात्रता पर्ची का वितरण किया गया।जिसमे भाजपा मुखर्जी मंडल कार्यकारणी सदस्य अंजली नाहर ने बताया की* *मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को निशुल्क राशन दिया जाना था जिसकी पात्रता पर्ची विलम्ब होने के कारण भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री दीपक नाहर द्वारा संभागीय अधिकारी चेतना चौधरी जी जॉन क्रमांक 9 को शिकायत की गई थी। जिसके दौरान जॉन अधिकारी ने आला अधिकारियों से बात की एवं बात करने के पश्चात तत्काल ही इस विषय पर कार्य किया एवं आज दिनाँक 26/05/2021 को सिद्ध बाबा वार्ड के जरूरत मंद परिवारों की महिलाओं को अस्थाई पात्रता पर्ची का वितरण किया गया। जिसमे वार्ड के लाभान्वित समस्त परिवारों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी का सहृदय धन्यवाद किया ।*



# कोरोना की जंग जीतने वाले रेल कर्मचारियों की वापसी पर सम्मान



जबलपुर ,यश भारत। कोरोना की बीमारी से स्वस्थ होने के बाद रेल ड्यूटी पर वापस होकर कार्य भार ग्रहण करने वाले रेलवे स्टाफ का स्टेशन निदेशक के कक्ष में कोरोना वारियर्स के सम्मान में एक समारोह रखा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा द्वाराकोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 31 कर्मचारियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। कोरोना से ग्रसित होने के बाद कोरोना की जंग जीतकर वापस अपने कार्य पर आये रेलवे के 19 गार्ड,5 स्टेशन मास्टर,6 पॉइंट्समैन एवम एक टी. एन. सी. को सम्मानित किया गया। कोरोना की वर्तमान सेकंड लहर में यातायात विभाग के 15 दिवंगत हुए कर्मचारियों को याद करते हुए 2 मिनिट का मौन रखकर श्रीद्धांजली प्रदान की गई।कोरोना प्रोटोकाल के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक परिचालन प्रबंधक श्यामसिंह बरेडिया ने कोरोना वारियर्स को विभाग की ओर से उपहार प्रदान किए। इस अवसर परस्टेशन निदेशक शशिभूषण शर्मा, स्टेशन प्रबंधक श्रीनीतीश श्रीवास्तव, यातायात निरीक्षक श्री आर के अवस्थी आदि भी उपस्थित थे।

### पमरे ने चलाया परिवार देख रहे मुहिम का अभियान

कोविड-19 संक्रमण के बचाव के लिए पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में सभी कर्मचारियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जानकारी तथा आवश्यक सहायता के लिए परिवार देख रेख मुहिम अभियान चलाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत अपने विभागों में कार्यरत सभी कर्मचारियों का ग्रुप लीडर बनाकर 25 - 25 का ग्रुप बनाया गया है। प्रत्येक ग्रुप लीडर व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से अपने ग्रुप के सदस्यों से लगातार संपर्क में रहकर उनके टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जानकारी तथा आवश्यक सहायता की प्रतिदिन की स्थिति की प्राप्त कर उसको प्रतिदिन अपडेट कर रहे हैं। इसके साथ सभी ग्रुप लीडर अपने ग्रुप के सभी कर्मचारियों को पंजीकरण एवं टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं तथा प्रतिदिन हुए पंजीकरण एवं टीकाकरण की जानकारी कार्मिक विभाग द्वारा नामित तीन कार्मिक अधिकारी एवं दस कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों को अवगत कराया जा रहा है । इसके अतिरिक्त तीनों मंडलों ( जबलपुर, भोपाल एवं कोटा) एवं दोनों कारखानो (भोपाल, कोटा) में भी परिवार देख रेख मुहिम तथा पंजीकरण एवं टीकाकरण का अभियान जोरो से चलाया जा रहा है। इस अभियान के चलते पश्चिम मध्य रेल में 25 मई 2021 तक कुल 37,127 कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन हो गया है। जिसमें 21,711 कर्मचारियों को पहला डोज का टीकाकरण हो चुका है तथा 3,715 कर्मचारियों का दूसरा डोज का टीकाकरण किया गया है।पहले डोज के लिए पंजीकरण एवं टीकाकरण एवं दूसरे डोज के शेष कर्मचारियों के लिए टीकाकरण का कार्य निरंतर जारी

### रेलवे के दो अधिकारी इधर से उधर

पश्चिम मध्य रेलवे ने जबलपुर मंडल के दो अधिकारियों के तबादले करते हुए दो नए आए अधिकारियों को प्रशिक्षण उपरांत मंडल में पदस्थ किया है।पश्चिम मध्य रेल के आदेश के तहत जबलपुर के स्टेशन डायरेक्टर शशि भूषण शर्मा को स्टेशन डायरेक्टर कोटा बनाया गया है। सहायक परिचालन प्रबंधक मृत्युंजय कुमार को जबलपुर का नया स्टेशन डायरेक्टर तथा अखिल भारतीय रेल सेवा में नव चयनित सुश्री वर्षा को सहायक परिचालन प्रबंधक कोचिंग तथा इसी सेवा के आशीष मदन लाल को क्षेत्रीय प्रबंधक सतना के पद पर पदस्थ किया गया है।

### मंडल से 68 गाड़ियों का संचालन हो रहा सुचारू रूप से

जबलपुर रेल मंडल में चल रही यात्री गाड़ियां पिछले तीन दिनों से लगातार 100 प्रतिशत समयबद्धता (पंचुलटी) के साथ चल रहीं हैं, जिससे यात्रियों के बहुमूल्य समय का सदुपयोग हो रहा है। कोविड 19 के चलते वर्तमान में मंडल में ओसतन 68 यात्री गाड़ियों का परीसंचालन प्रतिदिन हो रहा है। मंडल में चलने वाली ये ट्रेन प्रत्येक स्टेशन पर समय पर पहुंच कर गतव्य को रवाना हो रही हैं।उल्लेखनीय है कि जबलपुर मंडल ने इस माह में 8 वी बार 100 पंचुलटी से यात्री गाड़ियों को चलाने का कार्य किया है। इस समयबद्ध परिचालन के कार्य में रेलवे के परिचालन विभाग की भूमिका प्रमुख हैं। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा हमेशा समयबद्धता से यात्री गाड़ियों को चलाने में प्राथमिकता दी जाती है। इसी कारण मंडल में विलम्ब से प्रवेश करने वाली ट्रेन भी मंडल में समय को मेड गुड करके मंडल से गंतव्य को जाती हैं। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ वर्मा ने बताया कि हाल ही में साइक्लोन के कारण पिछले दिनों चली तेज़ आंधी के दौरान भी यात्री गाडियों में मंडल में विलम्ब नहीं हुआ और न ही ट्रैक को कोई नुकसान या अवरोध हुआ।



### ब्रह्मांड के सबसे महान परीक्षक थे महर्षि भृगु

**जबलपुर।** नर्मदा पुराण में वर्णित व भेड़ाघाट स्थित महर्षि भृगु की तपोस्थली भृगुचौरा में महर्षि भृगु तीर्थ क्षेत्र विकास समिति द्वारा भृगु प्राकट्योत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ एच पी तिवारी ने कहा कि महर्षि भृगु ब्रह्मांड के सबसे महान परीक्षक थे जिन्होंने भगवान विष्णु की छाती पर पद प्रहार कर त्रिदेवों में उनकी श्रेष्ठता की परीक्षा ली थी। और भगवान विष्णु ने महर्षि भृगु के चरण चिन्ह को सदैव के लिए अपनी छाती पर धारण कर लिया था। संयोजक जीवेश पांडे ने बताया कि इस वर्ष कोरोना लॉक डाउन के कारण अध्यक्ष के साथ केवल सचिव सचिन मिश्रा,डॉ अजय तिवारी व अनुराग व्यास की उपस्थिति में पूजन अर्चन,महाभिषेक, हवन व महा आरती कर सांकेतिक रूप में ही प्राकट्योत्सव की परंपरा का निर्वहन किया गया। रघुवीर व्यास ने बताया कि महर्षि भृगु की मध्यप्रदेश की यह एकमात्र प्रतिमा है जिसकी स्थापना समिति द्वारा 4 मई 2014 को की गई थी।

## एक ने खाया जहर दूसरे ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जबलपुर यश भारत।** जिले के मझगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने मौत को गले लगा लिया। दोनों घटनाओं में पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने बताया कि मझगवां ग्राम के 28 वर्षीय संतोष पिता राजेश काछी अपने खेत में सब्जी लगाई है । बीती रात उसने खेत में अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई । जब वह काफी देर तक घर वापस नहीं आया तो परिजन तलाश करते हुए खेत पहुंचे तो वह मृत हालत में पड़ा था । मौजूद लोगों द्वारा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए पड़ताल शुरू कर दी है। इसी तरह से थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुढरा ग्राम का रहने वाला 19 वर्षीय आकाश पिता संतोष गोटिया अपने खेत में लगे पलाश के पेड़ में फांसी का फंदा बनाया और उससे झूल कर उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस के अनुसार आकाश जब रात भर तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों द्वारा उसकी तलाश की गई जहां खेत में लगे पेड़ में वह झूल रहा था पुलिस ने अलग अलग हुई दोनों घटनाओं में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।



## संविदा कर्मियों को प्रताडित करना बंद करे सरकार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि प्रदेश सरकार की उपेक्षाओं के चलते मजबूरन प्रदेश के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को हड़ताल पर जाने मजबूर किया गया है क्यों कि सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा दिनांक 05 जून 2018 को पारित की गई नीति को लागू करते हुए प्रत्येक संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित पदो के विरूद्ध समकक्ष वेतनमान का 90 प्रतिशत वेतनमान दिय जाने के आदेश है, परन्तु एन.एच.एम. द्वारा शासन के उक्त आदेश को ठेंगा देखाते हुए आदेश के परिपालन में आज दिनांक तक काई कार्यवाही नहीं की गई है जिसके कारण प्रदेश के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रतिमाह प्राप्त होने वाले वेतन में भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है ।कोरोनाकाल में प्रथम लहर से वर्तमान दूसरी लहर तक लगातार संक्रमण से जूंझते हुए संविदा स्वास्थ्य कर्मी अपनी जान की परवाह न करते हुए अल्प वेतन में पूर्ण तत्परता से शासन के आदेश के परिपालन में अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वाहन करते हुए कोरोना से पीड़ति व अन्य मरीजों की सेवा लगातार कर रहे है ।माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मंत्री परिषद की बैठक में भी संविदा स्वास्थ्य कर्मीयों के हित में कोई निर्णय न लेकर उनके अधिकारों की अंदेखो की गई है और संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया है साथ ही निष्कासित एवं आउट सोर्स से लिये गये कर्मचारियों को भी पुनः राष्टीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र. भोपाल के अंतर्गत लिया जाना चाहिये ताकि उन्हें भी निश्चित मानदेय प्राप्त हो सके । मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ इस हेतु जारी हड़ताल को उचित बताते हुए शासन के खिलाफ जायज मांगों हेतु जारी जंग को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करता है । संघ के योगेन्द्र दुबे, अरवेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डेय, गोविंद बिल्थरे, आर.के.गोलाटी, चंदू जाउलकर, नंदू चंसौरिया, रजनीश तिवारी, डी.डी.गुप्ता, पवन श्रीवास्तव, राकेश राव, सतेन्द्र ठाकुर, दीपक राठौर, अनुराग चन्द्रा, श्यामनाराण तिवारी, नितिन शर्मा, तरूण पांचौली, विनोद पोद्दार, प्रियांशु शुक्ला, विष्णु पाण्डेय, धीरेन्द्र सोनी, संतोष तिवारी, मो.तारिक, विजय कोष्टी आदि ने माननीय मुख्यमंत्री जी को पत्र ईमेल के माध्यम से भेजकर मांग की है कि प्रदेश में संविदा कल्चर समाप्त करते हुए संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याओं को तत्काल हल किया जाये ।



### संविदा कर्मियों की हड़ताल

## विधायक ने कहा, मुख्यमंत्री को लिखूंगा पत्र, मांगें जायज

**जबलपुर, यशभारत।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ( एन.एच.एम. ) जबलपुर के समस्त कर्मचारियों द्वारा अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हडताल पर हैं। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने विधायक विनय सक्सेना से मुलाकात की। विधायक के सामने संविदा कर्मियों ने कहा कि दो सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल जारी है इसकी वजह से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पटरी से उतर चुकी है। विधायक विनय सक्सेना ने कर्मियों का आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर वह मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भी चर्चा करूंगा। सालों से अपनी मांगों को लेकर अधिकारी से लेकर शासन तक को पत्र लिख रहे पर आज तक समाधान नहीं हुआ है। एनएचएम संघ की जिला अध्यक्ष डॉ.अमृता तिवारी ने बताया कि हड़ताल की वजह से जिससे शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम की गति धीमी पड़ गई हैं इस कोरोना महामारी में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा अहम भूमिका निभाई गई हैं जिसके बाद भी वह आज तक अल्प वेतन में अपनी सेवाये दे रहे हैं जिसे आज तक न शासन / प्रशासन ने सुध नहीं ली और न ही 5 जून 2018 को संविदा कर्मचारियों के लिए 90 प्रतिशत वेतनमान की नीति बनाई गई थी। किन्तु आज दिनांक तक एन.एच.एम. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ उसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ हैं ।

## देशी शराब दुकान में चोरी करने वाले गिरफ्तार

**जबलपुर,यशभारत।** रांझी में एक देशी शराब दुकान से देशी शराब पार करने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। उनके पास से चुराई हुई शराब एवं बेचने हेतु रखी 70 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ/शराब की तस्करी में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उसी के तहत अति. पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर / यातायात संजय कुमार अग्रवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सुश्री पूजा पाण्डे के मार्ग दर्शन में थाना रांझी की टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी रांझी श्री आर.के. मालवीय ने बताया किआज सुवह मुखबिर से सूचना मिली कि बगिया टोला का रामनारायण चैधरी उर्फ नाटी नामक व्यक्ति अपने घर के कमरे में भारी मात्रा में अवैध शराब बेचने के लिये रखा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गयी रामनारायण चैधरी उर्फ नाटी को मुखबिर की सूचना से अवगत कराते हुये रामनारायण चैधरी के घर की तलाशी लेने पर के अंदर कमरे में 2 नीले रंग की जरीकेन में 70 लीटर कच्ची शराब तथा एक जूट के बोरे में भरी 24 बाटल एवं 66 पाव देशी शराब रखी मिली रामनारायण से शराब के सम्बंध मे पूछताछ की गयी तो रामनारायण चैधरी द्वारा 70 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब को स्वयं बेचने के लिये रखना बताते हुये के जूट के बोरे मे रखी 24 बाटल एवं 66 पाव देशी शराब अपने साथी सोनू सिंह ठाकुर के साथ मिलकर 25/26 मई की दरमियानी रात मोहनिया देशी कलारी का शटर तोडकर चोरी करना स्वीकार किया व अपने हिस्से में उक्त शराब मिलना बताया शेष चोरी की शराब साथी सोनू सिंह के पास होना बताया, टीम ने सोनू सिंह के घर दबिश देते हुये सोनू सिंह के कब्जे से बटवारे मे मिली हुई 17 बाटल व 58 पाव देशी शराब तथा शटर तोडने मे इस्तेमाल लोहे का राड जप्त करते हुये दोनों आरोपियो रामनारायण चैधरी उम्र 30 वर्ष निवासी बगिया टोला एवं सोनू सिंह ठाकुर उर्फ गोगा उम्र 19 वर्ष निवासी अवघढनाथ मंदिर के पास नई बस्ती झण्डाचैक रांझी थाना रांझी के विरूद्ध धारा आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये दोनों आरोपियों को चोरी के प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर दोनो आरोपियों को मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि थाना रांझी में 26मई को अंकित शिवहरे निवासी कटंगी रोड मोहास बेलखाडू ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि मोहनिया कलारी रांझी में दुकान इंचार्ज का काम करता है, चह लगभग 6 बजे मोहनिया कलारी चैक करके घर चला गया था, दिनॉक 26-5-21 को सुबह 7 बजे उसे मैनेजर राजू शिवहरे ने मोबाईल पर बताया कि मोहनिया कलारी के शटर टूटने की खबर मिली है, सूचना मिलने पर मोहनिया कलारी मे जाकर देखा तो दुकान का शटर टूटा था, दुकान के अंदर रखी कुल 8 पेटी जिसमे से 5 पेटियों में 61 बॉटल एवं 3 पेटियो मे 135 पाव देशी शराब थी, गायब मिली। कोई अज्ञात चोर 50 हजार 460 रूपये कीमती देशी शराब चुरा ले गया है। रिपोर्ट प अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। शराब दुकान में चोरी करने वाले आरोपियों के सम्बंध में पतासाजी कर पकड़ने में उप निरीक्षक राहुल काकोड़िया, प्रधान आरक्षक कैलाश मिश्रा, आरक्षक प्रदीप, वीरेन्द्र ,राहुल गजेन्द्र, भोजराज, संजय तुरकर की सराहनीय भूमिका रही।



चुराई हुई शराब एवं बेचने हेतु रखी 70 लीटर कच्ची शराब जप्त।

## आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं का शोषण बन्द करें शासन

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि विश्वव्यापी आपदा कोरोना वायरस से लड़ने में स्वास्थ्य विभाग का अमला डाक्टर, बी.डी.एस. लैब टेक्नीशियन, लैब अस्सिटेंट, स्टाफ, नर्स ए.एन.एम, के साथ-साथ आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। किन्तु अशा एवं ऊषा कार्यकर्ता को अल्प मानदेय रू 2000/ प्रतिमाह में इस भीषण मंहगाई में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन यापन हेतु विवश होना पड़ रहा है। आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता द्वारा शासन से लगातार अपना मानदेय बढाने की मांग की जा रही है । किन्तु शासन उनकी मांगों को अनदेखा कर रहा है, स्वास्थ्य विभाग में आर्थिक तंगी से गुजर रहे उक्त आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता तनाव ग्रस्त हैं, शासन आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं का शोषण बन्दर करें। श्रम कानूनों के तहत आशा कार्यकर्ता एवं ऊषा कार्यकर्ता को भी शामिल किये जाने तथा उन्हें नियमित कर्मचारी की श्रेणी में नामित करने व सामाजिक सुरक्षा, पेंशन आदि का लाभ प्रदान कराये जाने की संगठन विगत कई वर्षों से मांग करता आ रहा है। वर्तमान में इन्हें कोरोना टीकाकरण कार्य का मानदेय 01 मई 21 से दिये जाने के आदेश किये गये है जबकि इनके द्वारा द्वारा टीकाकरण प्रारंभ तिथि से ही अपनी सेवायें टीकाकरण कार्य में दी जा रही हैं ।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, नरेन्द्र दुबे, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, आशुतोष तिवारी, दुर्गेश पाण्डे, मुन्ना लाल पटैल, बृजेश मिश्रा, दीपक राठौर, अनुराग चन्द्रा, तरूण पंचौली, मनीष चौबे, श्यामनारायण तिवारी, प्रणव साहू, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, प्रियांशु शुक्ला, संतोष तिवारी, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिख, आदि ने माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव म.प्र.शासन को ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजकर मांग की गई है कि श्रम कानूनों के तहत आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं को भी शामिल किये जाने तथा उन्हें नियमित कर्मचारी की श्रेणी में नामित करने व सामाजिक सुरक्षा, पेंशन आदि का लाभ प्रदान किया जावे तथा टीकाकरण प्रारंभ होने की तिथि से टीकाकरण मानदेय दिया जाये ।

### कोराना योद्धाओं आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता को मिले नियमित कर्मचारी का दजा

## देश में भी एन.सी.सी. का व्यापक विस्तार होगा : कर्नल बनाफर

**जबलपुर ।** भारत सरकार रक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के निजी / अर्द्धसरकारी विद्यालयों में एन.सी.सी. के जूनियर डिवी?न कैडेट्स के पंजीयन हेतु पूर्णतः स्ववित्त आधार (सेल्फ फाइनेंस स्कीम)पर निम्नांकित शर्तों के अधीन विस्तार की अनुमति दी गई है।जबलपुर ग्रुप के डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल पी एस बनाफर ने बताया कि आगामी प्रशिक्षण सत्र 2021द्व2022 से संपूर्ण भारत में एनसीसी जूनियर डिवीजन के कैडेट्स के पंजीयन में बढ़ोतरी की जा रही है। इसके तहत मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय को भी आगामी प्रशिक्षण सत्र से 5600 अतिरिक्त कैडेट्स के पंजीयन पूर्णत:स्ववित्त आधार पर(सेल्फ फाइनेंस स्कीम)पर करने हेतु संख्या बढ़ाई गई है। कर्नल बनाफर ने बताया कि इस हेतु निम्नांकित शर्तें रखी गई है। (क) संस्थान में कम-से-कम 500 छात्र नामांकित होने चाहिए। (ख) एनसीसी हेतु प्रतीक्षा सूची में शामिल संस्थानों को एक या दो जूनियर डिवीजन/जूनियर विंग ( छ्ष्ठ /छ्ङ्ख ) यूनिट आवंटित की जायेगी। (ग) संस्थान को सभी प्रकार का खर्च यथा- बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षण, एनसीसी अधिकारी , पुरुष कैडेट एवं* *महिला कैडेट्स की यूनिफॉर्म,स्वलपाहार आदि एवं प्रशिक्षण के लिए भूतपूर्व सैनिक को संविदा पर नियुक्ति कर उसका संपूर्ण खर्चा संस्थान को स्वयं वहन करना होगा। (घ) अधिकतम तीन विद्यालय एक हीं भूतपूर्व सैनिक को बतौर पी.आई.स्टाफ के रूप में कैडेट्स को प्रशिक्षण देने के लिए नियुक्त कर सकता है , बशर्ते इन संस्थानों के बीच की दूरी 5 किलोमीटर से अधिक न हो। यदि ऐसा संभव नहीं हो, तो त्सीज प्रमाण-पत्र धारी पूर्व एन.सी.सी. कैडेट (जिसने च्सीज्ञ प्रमाण पत्र परीक्षा कम से कम बी ग्रेड से उत्तीर्ण की हो) को अनुबंधित किया जा सकता है। (?) बटालियन के कमांडिंग अफसर प्रशिक्षण ,कैंप प्रशिक्षण के निरीक्षण के लिए उत्तरदायी होंगे। वह संस्थान के इंफ्रास्ट्रक्चर और अनुबंधित पी.आई.स्टाफ द्वारा कैडेट्स को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण भी कर सकेंगे। *(च) उक्त योजना के तहत संस्थानों में एनसीसी इकाई का आवंटन/प्रारंभ करने के लिए ग्रुप कमांडर अधिकृत होंगे। *(छ) इस योजना को प्रशिक्षण सत्र 2021 -22 में लागू किया जायेगा तथा अगले सत्र यानि 2022 -23 में इसकी समीक्षा होगी। *(ज) पूरे देश में इस योजना के तहत कुल एक लाख सीटों पर कैडेट्स का पंजीयन किया जाना है। वर्तमान में संपूर्ण भारत के 17 एनसीसी निदेशालयों के बीच 70,000 सीटों का वितरण अ आभी उपलब्ध कुल सीटों के अनुसार अनुपातिक तौर पर किया जायेगा। शेष 30,000 सीटों पर राज्यों की ओर से मांग के अनुसार निश्चित अनुपात में कैडेट्स की संख्या आवंटित की जाएगी।



कर्नल बनाफर ने बताया कि विद्यालयों में एनसीसी को बढ़ावा देने से छात्रों को काफी फायदा होगा। कैडेट्स की शारीरिक दक्षता बढ़ने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व के गुणों का विकास, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम की भावना बढ़ेगी।

### रादुविवि में परीक्षा तैयारियों को लेकर हुई ऑनलाईन बैठक

## 113 कॉलेज प्रतिनिधि हुए शामिल

जबलपुर । कोरोना से उत्पन्न परिस्थितियों के बीच मप्र शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए तय मापदंडो एवं निर्धारित समय के अनुसार ही परीक्षा संबंधी तैयारियां पूर्ण की जायें। सभी कॉलेजों में कोरोना से सुरक्षा की प्राथकिता को ध्यान में रखते हुए परीक्षाकार्यों को किया जाना है। कोरोना वैक्सीन के प्रति कॉलेजों को जागरूक होना चाहिए एवं परीक्षा संबंधी सभी कार्यों में निर्धारित कोरोना प्रोटोकाल का पालन किया जाये। उपरोक्त निर्देश माननीय प्रो. कपिल देव मिश्र ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाईन बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये।रादुविवि की ओर से आगामी स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर विवि प्रशासन और सम्बद्ध कॉलेजों के प्रतिनिधियों की ऑनलाईन बैठकों का सिलसिला जारी है। इसी श्रृंखला में जबलपुर संभाग के 113 कॉलेज प्रतिनिधियों व विवि परीक्षा, गोपनीय विभाग अधिकारियों के साथ ऑनलाईन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाएं जून-2021 में यथाशीघ्र सम्पन्न हों इसकी तैयारियां की जानी चाहिए। ऑनलाईन बैठक में विवि प्रभारी कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. एन.जी. पेण्डसे ने बताया कि मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर पूर्व में एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर स्टूडेंट्स इंफर्मेशन सिस्टम लिंक (एसआईएस) में जाकर स्नातक नियमित, पूरक एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में शामिल किया गया था। जो विद्यार्थी इस प्रक्रिया से वंचित रह गये अब उन्हें भी वि.वि. प्रशासन की ओर से लॉकडाउन अलग होने के बाद पुनरू मौका दिया जायेगा। 28 मई से 10 जून के बीच पीजी नॉन सीबीसीएस परीक्षाओं की प्रक्रिया भी जारी हो जायेगी। ऑनलाईन बैठक में महाकौशल अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आभा पाण्डेय ने गत परीक्षाओं के दौरान लीड कॉलेजों के समक्ष परीक्षा कार्यों को लेकर जो समस्याएं सामने आयीं उनका उल्लेख किया गया। इस पर माननीय कुलपति प्रो. मिश्र की ओर से जल्द से जल्द परीक्षा संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के लिये निर्देशित किया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. पेण्डसे ने सभी कॉलेज प्रतिनिधियों को परीक्षाकार्य में एकरूपता रखने के विशेष निर्देश दिये गए ताकि उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन की मंशा के अनुसार जून में परीक्षा एवं जुलाई में परीक्षा परिणाम घोषित करने का कार्य समय पर किया जा सके। ऑनलाईन बैठक में सहायक कुलसचिव श्रीमती सुनीता देवड़ी, सहायक कुलसचिव अभयकांत मिश्र, रादुविवि नोडल अधिकारी डॉ. रामकुमार गुप्ता सहित परीक्षा एवं गोपनीय विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी ऑनलाईन मौजूद रहे।



पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना - कोटा मंडल
सिविल इंजीनियरिंग (ब्रिज लाईन)

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभि. (ब्रिज लाईन) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा ब्रिज लाईन कोटा के लिए आमंत्रित हैं, **टेण्डर संख्या** - ब्रिज लाईन - कोटा - 13 - 2021, **कार्य का विवरण**- प्रोविजन ऑफ लिमिटेड हाईट सबवे (एलएचएस) इन ल्यू ऑफ मेन्ड एलसी नं.- 97, 102,117, 136U, 257, 260, 261, 262 and 265 (09 Nos.) इन नागदा-मथुरा सेक्शन ऑफ कोटा डिवीजन। **कार्य की लागत** - 287866214.53, **टेण्डर बंद होने की तारीख**- 28.06.2021, पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा उप मुख्य इजीनियर (ब्रिज लाईन) मंडल रेल प्रबधंक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा कार्यालय शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें। ई-निविदा के अतिरिक्त ऑफ लाईन/मैनुअल ऑफर के माध्यम से टेण्डर स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

उप मुख्य अभि./ब्रिज लाईन
पश्चिम मध्य रेल, कोटा

कोरोना से बनाना है दूरी
तो वैक्सीन लगवाना है जरूरी।



## संपादकीय

# सहमति से समाधान

ऐसे वक्त में जबकि देश में कोरोना महामारी की दूसरी मारक लहर का कहर थमा नहीं है, एक बार फिर किसान आंदोलन में तेजी चिंता बढ़ाने वाली है। यह संभव नहीं है कि छब्बीस मई को किसान आंदोलन के छह महीने पूरे होने पर काला दिवस मनाने और धरने -प्रदर्शन की गतिविधियां कोविड प्रोटोकॉल के तहत हुई होंगी। आवेश के माहौल में संयम की बात करना बेमानी है। दिल्ली की दहलीज पर हरियाणा, पंजाब व उत्तर प्रदेश के किसानों के जमा होने की खबरें चिंताजनक हैं। भले ही शहरों में कोरोना का कहर कम हो गया हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों, खासकर पंजाब से संक्रमण की चिंता बढ़ाने वाली खबरें आ रही हैं। इस संकट काल में ऐसे आयोजनों से संक्रमण की रफ्तार बढ़ने की आशंका है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पिछले महीनों में राज्यों के चुनावों के दौरान आयोजित रैलियों व धार्मिक आयोजनों से स्थिति खराब ही हुई है। लेकिन तथ्य यह भी है कि किसान रबी की फसल की जिम्मेदारी से मुक्त है और खरीफ की बुवाई में अभी समय बाकी है। इस समय को किसान नेता ठंडे पड़े आंदोलन में प्राण फूंकने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। जाहिर सी बात है कि कोरोना संकट से जूझने में लगी सरकार का ध्यान आंदोलन की वजह से भटकेगा। जिस तरह आनन फानन में बारह राजनीतिक दलों ने किसान आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है, उसके राजनीतिक निहितार्थ समझे जाने चाहिए। ग्यारह दौर की वार्ता, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कमेटी बनाया जाना और किसान संगठनों द्वारा उसे गंभीरता से नहीं लेने जैसे घटनाक्रम किसान आंदोलन का हिस्सा रहे हैं। अब नये सिरे से वार्ता को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश होनी चाहिए। जनवरी में खत्म हुई बातचीत से अब आगे बढ़ने की जरूरत है। दरअसल, सरकार ने तीनों विवादित कृषि कानूनों को अगले अट्ठारह माह तक स्थगित करने की बात कही थी, लेकिन किसान इस बात पर अड़े रहे कि तीनों कानूनों को खत्म किया जाये। वे न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने तथा स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग करते रहे हैं। बहरहाल, केंद्र सरकार को वक्त की नजाकत को समझते हुए अभिभावक की भूमिका निभानी चाहिए। ऐसे वक्त में जब देश की अर्थव्यवस्था ठीक नहीं है और किसानों को लगता है कि इन सुधारों से उनकी आय में इजाफा नहीं होगा, तो सरकार द्वारा उदारता का व्यवहार किया जाना चाहिए। साथ ही किसानों को भी ऐसे समझौते को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिससे यह संदेश न जाये कि सरकार हारी है। यानी फैसले किसी पक्ष की जीत-हार से इतर देश के हित में हों। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारों का भी नैतिक दायित्व है कि विरोध के स्वरों को भी तरजीह दी जाये। सरकार को भी जिद छोड़कर व्यावहारिक धरातल की चुनौतियों पर गौर करना चाहिए। यह आंदोलन पंजाब व हरियाणा में ज्यादा प्रभावी है, लेकिन इन मांगों को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। अच्छे माहौल में दोनों पक्ष यदि लचीला रवैया अपनाएंगे तो जरूर कोई सम्मानजनक रास्ता निकलेगा। यह आंदोलन ऐसे वक्त में फिर उभरा है जब विपक्ष कोरोना संकट से निपटने में तंत्र की नाकामी बताकर हमलावर है। जाहिरा तौर पर विपक्षी दल किसान आंदोलन के सहारे राजनीति चमकाने की कोशिश करेंगे। मगर ऐसा न हो कि इस नाजुक वक्त में आंदोलन से कोरोना के खिलाफ हमारी लड़ाई कमजोर हो। वह भी तब जब स्वास्थ्य विशेषज्ञ तीसरी लहर आने की आशंका जता रहे हैं। यह भी हकीकत है कि किसानों को लोकतांत्रिक ढंग से शांतिपूर्ण आंदोलन करने का अधिकार है। सरकार को भी बंद बातचीत की प्रक्रिया को शुरू करके अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में बढ़ना चाहिए। दोनों ही पक्षों की ओर से गंभीरता व जिम्मेदारी दिखाने की जरूरत है।

# 'क्वाड' के विस्तार से चीन को जवाब

**यह बहस चलती आई है कि नयी बनती 'विश्व व्यवस्था, जिसमें चीन प्रभुत्व बनाना चाहता है, के मद्देनजर क्या भारत को अपनी 'खोखली' गुट निरपेक्षता तज देनी चाहिए। बेशक गुट निरपेक्षता के सिद्धांतों का पालन करने के कुछ फायदे भी हैं, लेकिन हकीकत यह है कि आज की दुनिया में हमारे समक्ष आक्रामक रुख वाले राष्ट्पति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाले चीन से पैदा हुई रक्षा और आर्थिक चुनौतियां हैं। अब चीन यह बात किसी से छुपा नहीं रहा कि अपनी बढ़ती आर्थिक और सैन्य ताकत के बल पर वह विश्व व्यवस्था पर अपना दबदबा कायम करना चाहता है।**

ठीक इसी समय भारत भी इस बात को लेकर दृढ़ निश्चयी है कि चीन अपनी 'महानता' कायम करने के लिए किसी अन्य को कुचलने न पाए। आज हमें ऐसे चीनी नेता से बरतना पड़ रहा है, जो चीन की नयी साम्राज्यवादी छवि गढ़ने में पूर्व के ऐतिहासिक सुधारवादी नेता जैसे कि देंग शियाओ पिंग की भूमिका को बौना दिखाने का मानो संकल्प लिए हो।

चीनी सरकार की एक भोंडी महत्वाकांक्षा यह है कि वह वैश्विक नियम तय करे और बाकी दुनिया इनका पालन करे। शी जिनपिंग का उद्देश्य समय-समय पर सैन्य बल इस्तेमाल कर भारत को नाथने का रहा है, जिसके अंतर्गत हमारी पूर्वी सीमाओं पर घुसपैठ करते हुए छोटे-छोटे हिस्सों में भूमि हड़पना एक रणनीति है। इस सिलसिले में चीन का ध्यान फिलहाल लद्दाख पर केंद्रित है। सीमा पर पिछले साल बनी आमने-सामने की कटु तनातनी के बाद दोनों पक्षों ने हिमालय की ऊंचाइयों पर टैंकों की तैनाती कर दी। इस साल दोनों मुल्कों के बीच सेना पीछे हटाने के लिए समझौता हुआ है। हालांकि इसमें तय हुआ था कि चीनी सैनिक अप्रैल, 2020 वाली स्थिति में लौट जाएंगे, लेकिन चीन अभी भी देपसांग, गोगरा, देमचॉक और हॉट स्प्रिंग पर काबिज है।

पिछले पांच दशकों के दौरान चीन की नीतियां सदा भारत की सामरिक नाकाबंदी करने वाली रही हैं, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान को परमाणु अस्त्र और मिसाइल संवर्धन के लिए डिजाइन, तकनीक और सामग्री मुहैया करवाना एक ढंग है। चीन दक्षिण एशियाई मुल्कों में, जहां कुछ दलों के नेता भारत विरोधी रुख अपनाने को उद्यत रहते हैं, उन्हें राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य सहायता देता आया है। यह कवायद पड़ोसी मुल्कों में भारतीय प्रभाव को घटाने हेतु चीनी प्रयासों का अभिन्न अंग है।

इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि चीन कई बार पाकिस्तानी सहयोग से नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में भारत-विरोधी तत्वों का साथ देता आया है। चीन का घमंडी रवैया उस वक्त भोंडे रूप में उजागर हुआ जब 10 मई को बांग्लादेश में चीनी राजदूत ली जिमिंग ने बांग्लादेशी पत्रकार वार्ता में चेतावनी दी कि अगर बांग्लादेश क्वाड देशों की किसी तरह से मदद करेगा तो उसे 'खासा नुकसान' भुगतना पड़ेगा। उन्होंने क्वाड समूह को एक 'संकीर्ण उद्देशीय गुट' ठहराया। इससे गुस्साए बांग्लादेश ने राजदूत के उक्त बयान को 'अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण' और 'आक्रामक' बताया है।

अभी तक क्वाड समूह का मुख्य ध्यान परस्पर सैन्य सहयोग बनाकर चीन को आक्रामकता दिखाने से हतोत्साहित और जरूरत बनने पर एकजुट हो जवाबी कार्रवाई करने पर है। लेकिन जहां पर चीन कमजोर है, उस ओर बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है। यानी चीन की अपने पड़ोसी मुल्कों के साथ कटुता, जिनमें कुछेक के साथ सीमा संबंधी विवाद गंभीर अवस्था में हैं, ऐसे देशों को अपने साथ जोड़ना चाहिए। अध्ययन बताते हैं कि चीन का अपने 18 पड़ोसी मुल्कों से साथ सीमा संबंधी विवाद चला हुआ है, जो उसकी विस्तारवादी नीतियों से त्रस्त हैं। इनमें चंद जुझारू देशों पर क्वाड को ज्यादा ध्यान देना होगा।

चीन के पूर्वी तट और दक्षिण चीन सागर वाले पड़ोस में जापान, वियतनाम और फिलीपींस के साथ इलाकाई झगड़े अधिक गंभीर हैं। सेन्काकू और रयुक्यू टापूओं पर अधिकार को लेकर जापान के साथ चीन का विवाद काफी पुराना है। चीनी नौसेना द्वारा टापुओं की जापानी जल सीमा का उल्लंघन करने से निरंतर तनाव बना हुआ है। जबकि इस क्षेत्र की रक्षा पर जापान और अमेरिका के बीच हुई संधि से सब कुछ पहले से चिन्हित है। इसी तरह दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस की जलीय सीमा में चीनी नौसेना की घुसपैठ से हमेशा तनाव बना रहता है। फिलीपींस के समुद्री इलाकाई दावों को ठीक पाकर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा दिए फैसलों का चीन लगातार उल्लंघन कर रहा है।

वियतनाम की जलीय सीमा के अंदर भी चीन अपने इलाकाई दावे को न्यायोचित ठहराने को यहां मिंग वंश (1368-1644) का शासन रहने की आड़ ले रहा है। लिहाजा इन दोनों के बीच काफी तनाव है। वर्ष 1987 में देंग शियाओ पिंग ने वियतनाम पर चढ़ाई की थी, लेकिन वियतनामी सेना के करारे जवाब के बाद उसे पीछे हटना पड़ा था। यह संघर्ष आज भी जारी है, क्योंकि ताकतवर बन चुका चीन अब वियतनाम की समुद्री सीमा पर दावा जताने को लेकर नौसैन्य शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है। उत्तर कोरिया, रूस, सिंगापुर, ताइवान, लाओस, ब्रुनेई, ताजिकिस्तान, कंबोडिया, इंडोनेशिया और मलेशिया के साथ चीन के सीमा संबंधी विवाद हैं। दक्षिण एशिया में चीन का भूटान से भी जमीनी विवाद है। भूटानी भूमि को भी चीन ने 'सलामी कटिंग' (छोट-छोटे टुकड़ों में) नीति के तहत हड़प रखा है। नेपाल के साथ भी चीन का भूमि विवाद है, जबकि भारत के साथ तो यह किंवदंती सरीखा है ही! क्वाड गुट के सदस्य देश, अब तक अपना ध्यान परस्पर सैन्य सहयोग बनाने तक ही केंद्रित रखे हुए हैं, लेकिन चीन के सीमा संबंधी दावों और महत्वाकांक्षा को अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मंचों पर उजागर करके जागृति बनाने हेतु संयुक्त प्रयास नहीं किए गए। हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में चीनी महत्वाकांक्षा से दुखी देशों को एकजुट करने के लिए क्वाड को सम्मिलित राजनयिक प्रयास करने होंगे। क्वाड सदस्यों की संयुक्त नौसैन्य ताकत फारस की खाड़ी और हिंद महासागर से होकर पूर्व की ओर तेल-गैस ले जा रहे किसी जलपोत को रोकने में सक्षम है। अमेरिकी नौसैना के बेड़े में फारस की खाड़ी में तैनात विमान वाहक पोत और परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बियां हैं। चीन को तेल की बड़ी आपूर्ति अरब के खाड़ी मुल्कों से बरास्ता हिंद महासागर होती है। पिछले दिनों एक महत्वपूर्ण घटना में अमेरिका और रूस के बीच समझ बनाने के उपाय हुए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन और रूसी समकक्ष लेवरोव के बीच हालिया भेंट में मुख्यत: ऊर्जा विषय पर विचार हुआ है और बाइडेन-पुतिन शिखर वार्ता का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उम्मीद है, इससे रूस-भारत सैन्य सौदों पर अमेरिकी प्रतिबंध उठाने पर भी पुनर्विचार होगा। रूस-अमेरिकी समझ बनने से रूस के संबंध भारत से बिगाड़ने में लगे चीनी प्रयासों पर पानी फिर जाएगा।

प्रत्येक वह नीति, जो चीन को स्पष्ट कर दे कि भारत और उसके सहयोगी मुल्क चीन की इलाकाई महत्वाकांक्षा पर किसी दुस्साहस का माकूल जवाब देने की ताकत रखते हैं, इसके लिए क्वाड सदस्यों को परस्पर और संभावित सहयोगी मुल्कों के बीच गहन मशविरा बनाए रखना होगा। इसमें यूरोपियन यूनियन और आसियान संगठन के देशों को भी साथ लेना चाहिए। ताइवान अपनी स्वतंत्र नीतियां बनाने पर कायम रह सके, इसके लिए अमेरिका ने उपाय कर लिए हैं। भारत के लिए अब सही समय है कि ताइवान के साथ मंत्री स्तर की वार्ता कर परस्पर आर्थिक आदान-प्रदान हेतु दरवाज़े खोल दे। भारत के इलेट्रॉनिक्स उद्योग का तेजी से आधुनिकीकरण और विस्तार करवाने में ताइवान और दक्षिण कोरिया मुख्य सहयोगी हो सकते हैं।

**-जी. पार्थसारथी**
**लेखक पूर्व राजनयिक हैं।**

# आपका राशिफल 28 मई

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो अ
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5447



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-२,४,१,३
२. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-२
३. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
४. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-३
५. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२
६. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-३
९. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-३
१२. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी?-३
१९. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२२. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गाँव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-४
३. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-२,१,२
६. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
७. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-२
८. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-२
९. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-४
१०. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-३
११. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-४
१३. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-२
१६. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-४
२०. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-३
२३. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-२,२
२५. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 5446**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | र्या | दा | ■ | ब | व | ड | र | ■ | औ |
| हा | ■ | दी | वा | ना | ■ | र | ख | वा | ला |
| न | ई | माँ | ■ | र | क्त | ■ | वा | ■ | द |
| ■ | श्व | ■ | द | स | ■ | पा | ले | खाँ | ■ |
| स | र | ग | म | ■ | खा | की | ■ | ■ | ध |
| ड़ | ■ | द | ■ | श | ■ | जा | न | व | र |
| क | श्मी | र | की | क | ली | ■ | क्षा | ■ | ती |
| ■ | ■ | ■ | म | ■ | ला | खा | ■ | ना | ■ |
| इ | जा | ज | त | ■ | ■ | मो | ह | ब | ■ |
| श्क | ■ | ख्मी | ■ | त | ला | शी | ■ | ज | ख्म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रेरक प्रसंग

# इच्छाओं के पीछे भागने से खत्म हो जाती है जीवन की शांति

**एक संत खजूर खाना चाहता था, लेकिन उसके पास पैसे नहीं थे, उसने पूरे दिन मेहनत करके खजूर खरीदे, लेकिन एक गरीब को दान कर दिए**



पुराने समय में एक विद्वान संत थे। वे गांव के बाहर कुटिया बनाकर रहते थे। दिनभर जाप और ध्यान करते और जो भी दान में मिल जाता उससे खाने की व्यवस्था करते थे। एक दिन वे गांव के बाजार में पहुंचे तो उन्हें एक दुकान में खजूर की बहुत सारी टोकरियां दिखाई दीं। खजूर देखकर संत की इच्छा हो गई उन्हें खाने की, लेकिन उनके पास खरीदने के लिए पैसे नहीं थे।

अधूरी इच्छा लेकर संत अपनी कुटिया लौट आए। लेकिन, उनका पूरा ध्यान खजूर में ही लगा हुआ था। उस दिन वे पूजा.पाठ भी नहीं कर सके। रात में भी ठीक से नींद नहीं आ सकी। सुबह उठे तो उन्होंने सोचा कि आज को खजूर खाना ही है। पैसे कमाने के लिए वे जंगल में सूखी लकड़ियां लेने पहुंच गए।

संत ने जंगल में इतनी लकड़ियां इकट्ठा कर लीं जिन्हें बेचकर वे खजूर खरीद सकते थे। लकड़ियां उठाकर वे बाजार की ओर चल दिए। लकड़ियां भारी थीं तो रास्ते में वे कई बार रुक.रुककर आराम करते और फिर चल देते। कुछ समय बाद संत बाजार में पहुंच गए। उन्होंने लकड़ियां बेचीं और उनसे मिले पैसों से खजूर खरीद लिए।

खजूर लेकर संत अपनी कुटिया की ओर चल दिए। रास्ते में उन्होंने सोचा कि आज मुझे खजूर खाने की इच्छा हो गई, हो सकता है कल अच्छे कपड़े पहनने की इच्छा हो जाए, फिर किसी दिन अच्छे घर की इच्छा हो जाएगी, किसी दिन अच्छे खाने की इच्छा होने लगेगी। ऐसे तो मैं इच्छाओं का गुलाम बन जाऊंगा। मुझे तो भक्ति करनी है। अगर इच्छाओं को पूरा करने में लगा रहूंगा तो मैं ध्यान कैसे करूंगा।

ये सब बातें सोचकर संत ने सभी खजूर एक गरीब व्यक्ति को दान कर दिए और अपनी कुटिया आकर ध्यान में बैठ गए।

### सीख

जो लोग हर एक इच्छा को पूरा करने में लगे रहते हैं, उनके जीवन में शांति नहीं रह पाती है। अगर जीवन में शांति चाहते हैं तो इच्छाओं को सोच.समझकर पूरा करना चाहिए। जो इच्छाएं गैरजरूरी हैं, उनके पीछे भागने से बचना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 5968


★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5967 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



## विचार प्रवाह

मेरा कहा मानो तो आप अपने घर के सामने एक कचरा पेटी और दरवाजे पर एक खूंटी जरूर गाड़कर रखिए। वह इसलिए कि रात को जब आप दुकान से आए तो बाहर के किच किच का कचरा, कचरा पेटी में डाल दें और दिन भर की झंझटों को खूंटी पर टांग दें और फिर तनावमुक्त होकर मुस्कराते हुए घर में प्रवेश करें। एक बात तय है कि काम पर जाओगे तोवहां कोई न कोई मुश्किल आनी ही है। पर उन मुश्किलों से तुम्हारी पत्नी और बच्चों का क्या लेना देना? जिन झंझटों से तुम्हारा दिन खराब हुआ है अब उन झंझटों से अपनी और अपने परिवार की रात क्यों खराब करना?

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7030



**बाएँ से दाएँ**

1. लाचार,बेबस-3
3. प्राण,जान-3
5. दुर्ग,फोर्ट-2
6. सद्पुरुष-2
8. कवायद-4
10. प्रतिघात,मुआवजा-3
12. कंठ,गला-3
13. लकड़ी-2
14. प्रथम मानव-2
15. धोखेबाज,कपटी-3
17. माजरा,घटना-3
19. कहासुनी,झंझट -4
21. संबोधन-2
23. चावल-2
24. रगड़ना,लगाना-3
25. वादा,प्रतिज्ञा -3

**ऊपर से नीचे**

1. लता,लतिका-2
2. चावल (अंग्रेजी-3)
3. हूर,अप्सरा-3
4. आकाश,व्योम-2
5. शायरी करनेवाला-3
7. योग्य,उपयुक्त-3
8. अदाकार,फनकार-4
9. घोड़ागाड़ी-2
12. बजरंगबली-4
15. माह,मास-3
16. जांघ,जंघा-2
18. धिक्कार,फटकार-3
19. मामूली,तुच्छ-3
20. बहने का भाव-3
22. संस्कृत में 'मेरा'-2
23. होश,आभास-2

**शब्द पहेली -7029 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | क | म |
| ग | ■ | क | ना | त | ■ | र | च | ना |
| ■ | क | ल | ह | ■ | ग | ह | रा | ■ |
| श | र | म | ■ | ह | र | म | ■ | स |
| री | म | ■ | आ | रा | म | ■ | क | म |
| फ | ■ | शी | स | म | ■ | न | ह | र |
| ■ | क | त | रा | ■ | अ | म | र | ■ |
| बा | द | ल | ■ | रा | ज | न | ■ | त |
| ज | र | ■ | ज | ह | र | ■ | द | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# मध्य प्रदेश के पांच जिलों में अब बारिश बाद शुरू होगी रेत खदानों की नीलामी

**भोपाल ।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण से बिगड़े हालातों की वजह से रायसेन, मंदसौर, आलीराजपुर, उज्जैन, आगर-मालवा जिलों की रेत खदानों की नीलामी अटक गई है। अब ये खदानें बारिश बाद नीलाम होंगी। खनिज निगम इसकी तैयारी में जुटा है। इनमें से रायसेन, मंदसौर और आलीराजपुर की खदानों के ठेके रॉयल्टी की दूसरी किस्त जमा न करने के कारण दो महीने पहले निरस्त किए गए हैं। जबकि उज्जैन और आगर-मालवा की खदानों को नीलामी के पांचवें प्रयास में भी ठेकेदार नहीं मिले हैं। अब इन खदानों में रेत के भंडारण का फिर से आकलन कराया जा रहा है। कमल नाथ सरकार ने जिलों की रेत खदानों का समूह बनाकर दिसंबर 2019 में नीलाम की थीं। इससे सरकार को करीब 1400 करोड़ रुपये राजस्व मिलना था, पर काफी महंगी खदानें लेने के कारण ठेकेदार चला नहीं पा रहे हैं। पहले प्रदेश की सबसे महंगी नर्मदापुरम (होशंगाबाद) जिले की रेत खदान ठेकेदार ने छोड़ी और इस साल रायसेन, मंदसौर और आलीराजपुर के ठेकेदार रॉयल्टी राशि जमा नहीं कर पाए। इसलिए तीनों जिलों के ठेके निरस्त करना पड़े। खनिज निगम अप्रैल-मई में नीलामी प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी में था, पर इन महीनों में कोरोना की वजह से सभी गतिविधि ठप रहीं। अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश प्रक्रिया में आड़े आ जाएंगे। 30 जून से तीन महीने के लिए नदियों से रेत निकालना प्रतिबंधित रहेगा। इसलिए नीलामी चार महीने के लिए टल गई है।

**मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण ने अटकाई रेत खदानों की नीलामी, सरकार को करोड़ों का नुकसान।**




### अब रेत के भंडार का अध्ययन करेंगे कलेक्टर

दो साल में पांच बार नीलामी करने के बाद भी आगर-मालवा और उज्जैन की खदानें नीलाम नहीं हुई। ठेकेदारों का कहना है कि सरकार ने खदानों का जो मूल्य तय किया है, उतनी भी रेत नहीं है। इसलिए छठवीं बार नीलामी प्रक्रिया शुरू करने से पहले दोनों जिलों के कलेक्टरों से रेत भंडारण का आकलन करने को कहा है।

### ठेकेदार मांग रहे भंडारण की अनुमति

प्री-मानसून बारिश शुरू होने से पहले ठेकेदार रेत का भंडारण करना चाहते हैं। प्रदेशभर में ज्यादातर ठेकेदारों ने भंडारण की अनुमति के लिए आवेदन लगा दिए हैं। दरअसल, बारिश शुरू होते ही नदी तट से रेत भरना मुश्किल हो जाएगा और 30 जून से तीन महीने के लिए घाट बंद हो जाएंगे।

# 15 जिलों में बारिश की चेतावनी के चलते गेहूं की खरीद रोकी



**भोपाल ।** बंगाल की खाड़ी में केंद्रित चक्रवाती तूफान यास के असर से तेज बारिश की चेतावनी के कारण छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर सहित 15 जिलों में समर्थन मूल्य पर खरीद दो दिन के लिए स्थगित कर दी है। यहां गुरुवार और शुक्रवार को उपार्जन केंद्रों पर खरीद नहीं होगी। इसकी जगह किसानों को 30 और 31 मई को उपज बेचने का मौका दिया जाएगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक इन जिलों में 28 मई तक गेहूं खरीद होना थी। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के संचालक तरुण कुमार पिथोड़े ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के 15 जिलों में खरीद स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, जबलपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी, कटनी और बालाघाट में अब किसानों से खरीद 30 और 31 मई को होगी। इसके लिए उन्हें एसएमएस भी भेजे जा चुके हैं। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केंद्रों में जो गेहूं रखा हुआ है, उसका सुरक्षित भंडारण कराया जाए।



# एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, एम्स और बरखेड़ा पठानी में रोपेंगे पौधे

**भोपाल ।** नगर निगम इस बार बारिश में एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर, एम्स एवं बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में खाली जमीनों पर बड़े स्तर पर पौधारोपण करेगा। इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बुधवार को निगमायुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी पौधारोपण स्थल समेत नर्सरियों में पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पहली बारिश में ही पौधारोपण किया जाएगा। इसलिए नर्सरियों में पौधों से जुड़ी तैयारी पूरी कर लें। निगमायुक्त ने शाम को एयरपोर्ट क्षेत्र में पौधारोपण के लिए तैयार की गई जमीन का निरीक्षण किया और एयरपोर्ट सहित अन्य क्षेत्रों में पौधारोपण हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पहली बारिश होते ही सभी पौधारोपण स्थलों पर पौधे रोपने हेतु सभी तैयारियां शीघ्रता से पूर्ण करने, वन विभाग की नर्सरी से बड़े आकार के स्वस्थ पौधे शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे गांधी नगर स्थित नवीन नर्सरी, किलोल पार्क स्थित किलोल नर्सरी व चार इमली स्थित नंदन कानन नर्सरी का निरीक्षण करने पहुंचे। नर्सरियों में सजावटी पौधे तैयार करने, नंदन कानन नर्सरी का खाली स्थान पर विस्तार कर बड़ी नर्सरी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब हो रहे पौधों को बदलने और विभिन्न प्रजोंलतियों के और अधिक पौधे तैयार करने के भी निर्देश दिए।

### शहर को हरा-भरा करने की तैयारी

झीलों की नगरी भोपाल हरियाली के लिहाज से काफी बेहतर है। चारों ओर का क्षेत्र हरा-भरा है। इससे सौंदर्य की छंटा देखते ही बनती है, लेकिन कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां हरियाली बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए निगम ने पहली बारिश् से ही बड़े पैमाने पर पौधारोपण का प्लान तैयार किया है।

# एयरपोर्ट पर सुबह से रात तक सन्नाटा, सभी 15 उड़ानें निरस्त



**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट पर बुधवार को सुबह से रात तक सन्नाटा छाया रहा। सभी 15 उड़ानें निरस्त कर दी गईं। इस माह यह दूसरा अवसर था जब एक भी उड़ान न लैंड हुई न टेकआफ। कोरोना संकट के कारण पिछले डेढ़ माह से हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अब देश भर में संक्रमण के मामले कम हो रहे हैं लेकिन अधिकांश एयरपोर्ट्स पर यात्रियों के लिए गाइडलाइन वही है। मसलन भोपाल से मुंबई जाने के लिए अधिकतम 48 घंटे पहले की निगेटिव रिपोर्ट होना जरूरी है। इमरजेंसी में मुंबई जाने वाले यात्रियों को तत्काल रिपोर्ट नहीं मिल पाती, इस कारण यात्री ट्रेन का सहारा ले रहे हैं। भोपाल से दिल्ली एवं मुंबई जाने वाले यात्रियों को वहां के एयरपोर्ट पर कई औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ रही है। इसका असर भी एयर ट्रेफिक पर पड़ा है। इस बार शादी, ब्याह नहीं होने के कारण भी लोग बाहर नहीं जा रहे हैं।

### दूसरी बार निरस्त हुई सभी उड़ानें

मई माह में बुधवार को दूसरा मौका था जब एक भी उड़ान नहीं पहुंची। 19 मई को सभी 15 उड़ानें निरस्त कर दी गई थीं। इस माह अधिकांश दिन एक से चार उड़ानों का संचालन हुआ है। यात्रियों की संख्या 80 फीसद तक कम हो गई है। ट्रेवल एजेंट ओमप्रकाश शेरू का कहना है कठिन गाइडलाइन के कारण भी बुकिंग कम हो रही है। जून के पहले सप्ताह से एयर ट्रेफिक धीरे-धीरे सामान्य हो सकता है।

# जलभराव के हालात नहीं बने, इसलिए हो रही नालों की सफाई



### निगमायुक्त ने देखी हकीकत

बुधवार को नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानीह्ल ने नालों की सफाई व्यवस्था की हकीकत देखी। वे जोन क्रमांक-13 एवं 19 में पहुंचे। आरकेडीएफ कॉलेज के पास स्थित नाले की सफाई पोकलेन मशीन से कराने को कहा। साथ ही शहर के सभी नाला-नालियों की बेहतर ढंग से सफाई बारिश से पहले कराने को कहा।

**भोपाल ।** बारिश से पहले नगर निगम शहर के नालों की सफाई करा रहा है। ताकि जलभराव के हालात न बनें, लेकिन अभी भी आधे नाले ऐसे हैं, जिनकी सफाई नहीं हो पाई है। ऐसे में यदि प्री-मानसून की दस्तक हो गई तो काम प्रभावित होगा। राजधानी में छोटे-बड़े करीब 530 नाले हैं। इनमें कुछ ऐसे नाले भी हैं, जो बारिश के दौरान लाखों लोगों के लिए दिक्कतें खड़ी कर देते हैं। पिछली बारिश में उक्त नाले उफान पर आए थे और दामखेड़ा, इंडस कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में दर्जनों घर डूब गए थे। पिछले दो सप्ताह से निगम नालों की सफाई तो कर रहा है, लेकिन संख्या अधिक नहीं है। उल?लेखनीय है कि ज?यादातर कॉलोनियों में बारिश का पानी भरा जाता है, इसके कारण नागरिकों को परेशानी होती है।

### ऐसे बनते हैं हालात-

- दामखेड़ा में हर साल बाढ़ के हालात बनते हैं। पिछली बार सैकड़ों लोग प्रभावित हुए थे। शाहपुरा स्थित इंडस कॉलोनी के अनेक घरों में जलभराव के हालात बने थे। इससे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकालना पड़ा था। बाणगंगा क्षेत्र से गुजरा नाला भी उफान पर रहता है। इससे जलभराव के हालात बने हैं। पुराने शहर, करोंद के कई क्षेत्रों में यह स्थिति निर्मित होती है।

# रक्त की कमी को देखते हुए बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर

भोपाल । कोरोना महामारी के कारण रक्तदान करने वालों की संख्या अचानक कम हो गई है, इस कारण कई अस्पतालों में रक्त की कमी महसूस की जा रही है इसे देखते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विशेष शिविर का आयोजन कर रक्तदान किया। यह रक्त जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा बजरंग दल जिला संयोजक जीतू कटारिया ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कोविड-19 महामारी में भोपाल की सभी ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए वीर सावरकर एवं जिला संत हिरदाराम नगर प्रखंड ने संयुक्त रूप से एकत्रित होकर छोला दशहरा मैदान व्यायाम मशाला पर रक्तदान शिविर लगाया। प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव, प्रांत संयोजक सुशील सुडेले ने रक्त दान देने वाले कार्यकर्ताओं क उत्साहवर्धन करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर खड़े मोबाइल आइसोलेशन कोच भी खाली, हटे तो यात्रियों को होगी सहूलियत



**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म छह पर खड़े मोबाइल आइसोलेशन कोच भी खाली हो गए हैं। इनमें एक भी मरीज भर्ती नहीं है। ये कोच स्थानीय प्रशासन की मांग पर रेलवे ने खड़े किए हैं। इनमें कोरोना संदिग्ध और कोरोना संक्रमित सामान्य मरीजों को आइसोलेट करके रखने की सुविधा है। अब इन कोचों में एक भी संक्रमित भर्ती नहीं है इसे देखते हुए प्रशासन से चर्चा करने के बाद रेलवे इन कोचों को हटाकर यार्ड में खड़ा करेगा। हालांकि इसमें समय लग सकता है जब ये कोच हटा दिए जाएंगे तो भोपाल स्टेशन का प्लेटफार्म छह सामान्य यात्रियों के आवागमन के लिए शुरू कर दिया जाएगा। अभी कोरोना संक्रमित और संदिग्धों को भर्ती करने के लिए इस प्लेटफार्म पर खड़े किए गए मोबाइल आइसोलेशन कोचों के चलते सामान्य यात्रियों का आवागमन बंद है। जब कोच हटा दिए जाएंगे तो यात्रियों को सहूलियत होगी। बता दें कि अप्रैल माह के शुरुआत में संक्रमण के अधिक मामले सामने आ रहे थे। जेपी और हमीदिया अस्पताल समेत दूसरे अस्पतालों में मरीजों को बेड नहीं मिल रहे थे। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने रेलवे से मोबाइल आइसोलेशन कोच मांगे थे। इन कोचों में 300 से अधिक मरीजों को भर्ती करने का की व्यवस्था है। शुरुआत में यहां कुछ संदिग्ध मरीजों को भर्ती किया था जिनकी संख्या 35 तक पहुंची थी उसके बाद मरीज धीरे-धीरे ठीक होकर घर चले गए। वर्तमान स्थिति में एक भी मरीज भर्ती नहीं है।

### कोच हटाने की जरूरत इसलिए पड़ेगी

एक जून से कोरोना कर्फ्यू हट जाएगा। लोग अपने अपने कामों के लिए एक से दूसरे शहरों में आना-जाना करेंगे। इस तरह भोपाल स्टेशन पर यात्रियों का दबाव बढ़ेगा। ऐसे में प्लेटफॉर्म 6 पर आवागमन शुरू करने की जरूरत पड़ेगी।

# हाईवे पर लिफ्ट ली, ट्रेन से लखनऊ जा पहुंची थीं होस्टल से गायब बालिकाएं




**भोपाल ।** गांधीनगर इलाके से 22 मई को लापता हुईं दो बालिकाएं लखनऊ में सकुशल मिल गई हैं। पूछताछ में पता चला कि हॉस्टल से निकलकर वे हाईवे पर पहुंची थीं। वहां एक वाहन चालक से लिफ्ट लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंची थीं। इसके बाद एक ट्रेन में बैठकर लखनऊ पहुंच गई थीं गांधीनगर थाना प्रभारी अरूण शर्मा ने बताया कि कस्तूरबा गांधी हॉस्टल की वार्डन रेखा कापसे ने 22 मई को शाम सात बजे 12 और आठ वर्ष की दो बालिकाओं के अचानक लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इन बालिकाओं को 15 मई को भोपाल रेलवे स्टेशन पर अकेले घूमते पाया गया था। रेलवे चाइल्ड लाइन के माध्यम से बालिकाओं को हॉस्टल में भेजा गया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर बालिकाओं की तलाश शुरू की। साथ ही बालिकाओं के बारे में सूचना देने पर पांच हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया गया। बालिकाओ की तलाश हेतु आरपीएफ जीआरपी, भोपाल जिले के समस्त थानो को वायरलेस सेट व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से सूचना प्रसारित की गई। आसपास के ढाबों, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए गए। इस दौरान बालिकाएं भोपाल रेलवे स्टेशन पर लगे कैमरों में नजर आईं। भोपाल स्टेशन से विभिन्न स्टेशनों की ओर रवाना हुई ट्रेनों की जानकारी ली गई। साथ ही सभी स्टेशनों पर बालिकाओ की जानकारी दी गई । तलाश के दौरान सूचना मिली की दो नाबालिक बालिकाएं लखनऊ रेल्वे स्टेशन पर मिली है। हुलिया मिलान होने पर बालिकाओं को लखनऊ चाइल्ड लाइन में सुरक्षित आश्रय प्रदान कराया गया। पुलिस की टीम लखनऊ पहुंची और बालिकाओं को भोपाल लाकर हॉस्टल प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया गया। टीआइ शर्मा ने बताया कि मूलत- दिल्ली के निजामुद्दीन क्षेत्र की रहने वाली बालिकाएं आपस में सहेली हैं। इसके पहले भी चार-पांच बार घर से बिना बताए गायब हो चुकी हैं। उनके परिवार के लोगों से भी संपर्क कर बालिकाओं के सुरक्षित होने की सूचना दी गई है। उनमें से एक के पिता भोपाल आ चुके हैं।

# सोयाबीन में बोगस टैक्स क्रेडिट का जोर

**तेल-तिलहन के बाजार की तेजी उपभोक्ताओं को परेशानी कर रही है जबकि अनिश्चितता कारोबारियों की चिंता की वजह बनी है।**

**इंदौर।** तेल-तिलहन के बाजार की तेजी उपभोक्ताओं को परेशानी कर रही है जबकि अनिश्चितता कारोबारियों की चिंता की वजह बनी है। दो दिन पहले दिल्ली में हुई बैठक के बाद सरकार की ओर से तेलों की ड्यूटी या टैक्स में कटौती का कोई भी ऐलान नहीं हुआ है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में पाम तेल की गिरावट मंगलवार से थमती दिखी। पाम तेल मंगलवार को 3.47 प्रतिशत उछला। हालांकि बुधवार को मलेशिया में बाजार बंद रहे। अगस्त डिलीवरी के पाम तेल सौदे भी बढ़ाकर बोले जा रहे हैं। शिकागो बाजार सीबोट में सोया तेल में बढ़त है। बुधवार को इंदौर में सोयाबीन



तेल नीचे में 1435 ऊपर में 1438 रुपये प्रति दस किलो बोला गया। दूसरी ओर प्रदेश के कई जिलों के प्रतिष्ठानों में दाल एवं खाद्य तेल के उपलब्ध स्टॉक की जानकारी लेना शुरू हो गई है और 26 मई तक संचालनालय को मेल से प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।

इसकी समीक्षा वीसी में प्रमुख सचिव द्वारा 27 मई को की जाएगी। इस बीच कारोबारी अब भी सोयाबीन और तेल में तेजी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इसी के चलते कई ने स्टाक रोक कर रखा है। तेजी पर नियंत्रण के लिए सट्टेबाजी के साथ जमाखोरी पर काबू आवश्यक है। तेल- तिलहन के कारोबार में बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी भी हो रही है। सरकार यदि अनरजिस्टर्ड गोदामों और स्टाकों का सत्यापन शुरू करे तो सट्टेबाजी और तेजी पर ब्रेक लग सकता है। इस बीच इंदौर-देवास व आसपास के क्षेत्रों में सोयाबीन के कागजी सौदे और बोगस बिलों से टैक्स क्रेडिट की गड़बड़ी का खेल लगातार जारी है।

लूज तेल (प्रति दस किलो)

इंदौर मूंगफली तेल 1490 से 1500, मुंबई मूंगफली तेल 1500, इंदौर सोयाबीन रिफाइंड 1435 से 1440, मुंबई सोया रिफाइंड 1410-1420, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1370-1375, मुंबई पाम 1305, इंदौर पाम 1385, राजकोट तेलिया 2300, गुजरात लूज 1445- 1450, कपास्या तेल इंदौर 1375 रुपये।

तिलहन = सरसों 6050 से 6100, रायडा 6300 से 6450, सोयाबीन 7300 से 7500 रुपये क्विंटल। सोयाबीन डीओसी स्पॉट 61000 से 62000 रुपये टन।

प्लांटों में नई सोयाबीन के भाव = बैतूल 7400, महाकाली 7500, कृति 7350, लक्ष्मी 7400, खंडवा 7350, रुचि 7450, नीमच 7450, धानुका 7565, पचोर 7435 व सिवनी 7425 रुपये।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था लडखड़ाई

**सिहोरा।** संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा पिछले 2 दिनों से की जा रही अनिश्चित कालीन हडताल का असर नगर के सामुदायिक और प्राथमिक अस्पतालों में दिखना शुरू हो गया है। स्थिति यह है कि अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाओं को छोडकर ओपीडी से लेकर दवा वितरण, टीकाकरण, कोरोना से लेकर दूसरी सभी जांचो सहित शासन की स्वास्थ्य योजनाओं की रिपोर्टिंग पूरी तरह से प्रभावित हो रही हैं हैं। इससे अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को इंतजार के बाद इलाज कराए बिना ही वापस लौटना पड रहा है।

सिहोरा विकासखंड अंतर्गत सिविल अस्पताल सिहोरा ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खितौला ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसलपुर अस्पतालों में संविदा चिकित्सक, आयुष विभाग के चिकित्सक, एएनएम, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य संविदा कर्मचारी ही ज्यादातर स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी संभाले हैं।



मझौली में भी सौपा ज्ञापन

ऐसे में उनके हडताल पर चले जाने की वजह से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। इससे अस्पतालों में मरीजों को इलाज मिल पाना भी मुश्किल हो गया है और मरीजों को झोलाछाप डॉकटरों के क्लीनिकों पर इलाज करवाना पड रहा है।

संविदा स्वास्थ कर्मचारियों ने बताया कि सरकार कैबिनेट में सारी बातें तय हो जाने के बाद भी उन्हें अभी तक नियमित कर्मचारी नहीं बना सकी है और न ही उन्हें नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन दिला सकी है। इससे उन्हें विपरीत हालातों में जान का जोखिम उठाकर नौकरी करने के बाद भी आधा वेतन ही मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की है कि सरकार उन्हें नियमित कर्मचारी का वेतन दे, नहीं तो वह काम पर वापस नहीं लौटेंगे। उल्लेखनीय है कि सिहोरा विकासखंड में लगभग आधा सैकड़ा संविदा स्वास्थ्य कर्मी इस कोरोना महामारी के दौर में अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रहे हैं किंतु शासन उनके हितों की लगातार उपेक्षा कर रहा है संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी को जिला स्वास्थ्य अधिकारी के नाम का ज्ञापन सौंपकर नियमितीकरण की मांग की है।

### मझौली में भी सौंपा ज्ञापन

संविदा स्वास्थ्य संघ कर्मचारी के द्वारा 24 मई 2021 प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज किया गया है इस हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली जिला जबलपुर के समस्त कर्मचारी के साथ मझौली संविदा संघ के अध्यक्ष मझौली डॉ रवि कांत मिश्रा एवं सुनील नेमा के नेतृत्व में हड़ताल में जाने का समर्थन करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा कर्मियों ने विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पारस ठाकुर को ज्ञापन सौपा है। इस अवसर पर स्वास्थ कर्मचारियों में डॉ.आर.के.मिश्रा, विपिन कुमार, खुशबू वर्मा, मंजू शर्मा, सौरभ दहायत,राजेन्द्र प्रजापति, ममता जायसवाल,सीमा चौरसिया,सरिता नैवारे, रीति कुशवाहा, राधा सोयाम, विनीता लाल, त्रिवेणी ठाकुर,वर्षा बैन, नीलम सोनी,सुकिता क्षत्री ,भारती कोरी, चित्रा राजपूत, ज्योति द्विवेदी सहित अनेक स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे ।

### इनका कहना है

संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर जाने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाएं सहित शासन की स्वास्थ्य योजनाएं प्रभावित हो रही हैं फिर भी दवा वितरण टीकाकरण सहित अन्य आवश्यक सुविधा मैनेज कर प्रभावित नहीं होने दी जाएंगी।

**डॉक्टर आर.पी. त्रिपाठी**
**विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी सिहोरा**

पीड़ित मानवता की सेवा

## कहीं बांटा जा रहा राशन तो कहीं भोजन



**जबलपुर, ।** कोरोना काल में रोजी रोटी छिनने से कई परिवारों की हालत खराब हो गई। सबसे खराब स्थिति गरीब तबके की है। इसमें मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। जिनको काम नहीं मिलने के कारण वह दाने दाने को तरस रहे है। पीड़ित मानवता की सेवा के लिए ाहर के समाजसेवी संगठनों रोजाना, राशन के पैकेट, खाने के पैकेट आदि बांटे रहे हैं। इसी कड़ी में समर्थ गुरु भैया जी सरकार के सानिध्य में भोजन वितरण का कार्य चल रहा है जिसमें कुष्ठ रोगी आश्रम खजरी खिरिया बाईपास करोंदा नाला दाऊ मैरिज गार्डन मेडिकल विक्टोरिया नर्मदा परिक्रमा वासी को तिलवारा मैं भोजन के पैकेट रोज वितरण किया जा रहा है जिसमें नर्मदा मिशन के अध्यक्ष विशाल तिवारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव राकेश यादव दीपक शर्मा टिम्मी विजयसिंह यादव विनय यादव सौरभ किट्टू नामदेव पप्पू वर्मन आनंद कनोजिया मुरली दुबे नकुल सिंह राजपूत सपन नेमा दीपक ठाकुर सूरज पटेल कमलेश दापुर कर अश्वनी पटेल रामसुहावं गुप्ता मोनू श्रीवास्तव मुकेश पटेल संदीप सोदिया मोनू तोमर सुनील सिंह चौहान सुनील अग्रवाल आनंद कनौजिया रोहित दुबे अजीत सिंह एवं समर्थ परिवार के कार्यकर्ता भोजन वितरण में सहयोग कर रहे हैं।

## महर्षि वार्ड में सौ लोगों का राशन की किट



कांग्रेस द्वारा महर्षि महेश योगी वार्ड में पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया के मार्गदर्शन में निर्धनों को अनाज का वितरण किया जा रहा है। इस कार्य में पार्टी के जुझारू नेता संजू तिवारी, विकास विश्वकर्मा, विशाल यादव, आकाश पाठक, सोनू, लाला अर्पित, जायसवाल, प्रिंस महेशदत्त पप्पू पटैल, विरजू चाचा,सोनू तिवारी, विजय सोनी, अर्पित दुबे,अनिल शर्मा रानू दुबे रोशन बेआदि सहयोग कर रहे है। बुधवार को सौ लोगों का राशन की किट वितरित की गई।

## मुकेश अ भा निषाद माझी महासभा के राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त



**गढ़ाकोटा।** अखिल भारतीय निषाद/माझी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धंमेन्द्र माझी की अनुसंसा पर मुकेश रैकवार गढाकोटा को राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त करने पर रैकवार समाज, कुशवाहा समाज गढाकोटा शैलेंद्र कुशवाहा प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा युवा महासभा पुरुषोत्तम लाल पटेल यस भारत संवाददाता गढ़ाकोटा जनचेतना मंडल संजरा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का हृदय से धन्यवाद करता है।हम सभी जनमानस हृदय से भाई मुकेश रैकवार जी के उज्जवल भविष्य की कामना करता है,हम सभी की ओर से हार्दिक बधाइयां शुभकामनाएं बंद न आप यू ही प्रगति पथ पर आगे बढते रहे इस अवसर पर बधाईकर्ता--सुश्री रैकवार, महेश रैकवार, गोकुल रैकवार, मनोहर रैकवार सतीश रैकवार, मयंक रैकवार प्राशंत रैकवार कमलेश कम्मू रैकवार संजय रैकवार समस्त रैकवार समाज गढाकोटा साहिब मित्र मंडली गढ़ाकोटा।

## कोरोना कर्फ्यू का पूर्णरूपेण करें पालने- हरिशंकर



**अनूपपुर ।**जिले के भालूमाडा टी आई हरिशंकर शुक्ला ने कोयलांचल वासियों से कोरोना कर्फ्यू का पालन करते हुए बिना कारण के घरों से नहीं निकलने की अपील की है,उन्होंने कहा कि घर में ही रहें सुरक्षित रहें ज्यादा जरूरी हो तभी घरों से बाहर निकले काम पूरा होने पर तुरंत घर लौटे तभी हम सुरक्षित रह सकते है, और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते हैं कोरोना चैन को तोड़ने के लिए कोरोना कर्फ्यू लगाया गया है जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है कोरोना कर्फ्यू के गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करें जिन आवश्यक सेवाओं वस्तुओं को छूट दी गई है उन्हें छोड़कर किसी भी प्रकार की खरीदी बिक्री ना करें मास्क है तो बात है सोशल डिस्टेंसिंग का पूरी तरह से पालन करें और सामाजिक दूरियां बनाकर रखें समय-समय पर हाथ धोएं और घरों में भी रहकर एक दूसरे से ज्यादा जोर दें खानपान की वस्तुओं में भी सामाजिक दूरियां बनाकर रखें घरों को भी स्वच्छ रखें और साफ-सफाई पर एहतियात बरतें तभी हम कोरोना से जंग जीत सकते हैं आम जनों से अपील करते हुए थाना प्रभारी शुक्ला ने कहा है कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सामाजिक दूरियां बनाकर रहने में ही कोरोनावायरस से फैलने को रोका जा सकता है।

## किसानों ने मनाया काला दिवस



**सिहोरा।** दिल्ली में चल रहे किसान आन्दोलन के 6 माह पूरे होने पर आज पूरे देश में किसानों ने जगह जगह काला दिवस मनाया तथा केन्द्र सरकार से किसान विरोधी तीनो काले कानून वापस लेने की अपनी मांग दुहराई। सिहोरा में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रमेश पटैल के नेतृत्व में अनेक किसानो ने एकत्र होकर मैना कुंआ में काला दिवस मनाया तथा काले झंडे फहराये इस अवसर पर छोटे पटैल, श्रीकांत पाठक,गंगा पटैल,ओंकार प्यासी, गणेश प्यासी, शुभनंदन बाजपेयी घनश्याम उरमलिया आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने दिए बरगी में 5 ऑक्सीजन कॉन्सेट्रेटर



बरगी। आज बरगी में कोरोना को हराना है कि मुहिम में लगातार लगे बरगी विधायक संजय यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगी में सी एच एम ओ श्री कुरारिया जी व बी एम ओ राजेश राज को 5 ऑक्सीजन कॉन्सेट्रेटर सौपे , संजय यादव ने बताया कि वो लगातार पूरी विधानसभा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिये प्रयासरत है उसी क्रम में आज उन्होंने राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा प्रदत्त ऑक्सीजन कॉन्सेट्रेटर यहाँ सौपे , जिससे बरगी में अचानक ऑक्सीजन की कमी से किसी मरीज को कोई तकलीफ का सामना नही करना प?गा ,उन्होंने बताया कि एक दो दिन में उनके द्वारा इस स्वास्थ केंद्र के लिए दवाइयों के किट भी भेजे जा रहे है जिन्हें जरूरत मंदो तक शीघ्र ही पहुंचाया जावेगा ।इस अवसर पर बमवम तिवारी, शानू यादव, पंकज परस्ते, संतोष चौकसे, कमला पटेल, राजा पटेल, भी उपस्थित रहे ।

## निर्माणाधीन 30 बिस्तर अस्पताल का किया निरीक्षण



बरगी। आज बरगी विधायक संजय यादव ने बरगी में निर्माणाधीन 30 बिस्तरों के अस्पताल का सी एच एम ओ ,कुरारिया जी, बी एम ओ राजेश राज, व अस्पताल का निर्माण करवा रही सरकारी एजेंसी पीयूआई के अधिकारियों के साथ इसका निरीक्षण किया , सभी ने पूरा अस्पताल का भ्रमण किया , मोके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि यह ग्रामीण छेत्र में बनने वाला पहला अस्पताल है जो सर्वसुविधायुक्त होगा जिसमें आई सी यू वार्ड, ओ पी डी, ऑपरेशन थियेटर, पैथोलॉजी, एक्सरे ,प्रसूतिका रूम आदि समस्त व्यवस्थाएं होगी , अवलोकन के दौरान बहुत सारी कमियों के सुधार व अन्य व्यवस्थाएं बनाने हेतु निर्देशित किया गया , इस अवसर पर विधायक संजय यादव व सी एच एम ओ ने बताया कि यदि सभी कुछ इसी प्रकार से चला तो संभवत: 3 से 4 माह में यह अस्पताल लोगो की सुविधा के लिए प्रारम्भ हो जाएगा जो स्वास्थ्य सेवाओं में इस छेत्र की बहुत ब?ी उपलब्धि होगी ।

## धैर्य और संयम से काम लें: पाण्डेय

**अनूपपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री डॉक्टर राज पाण्डेय ने जिले के समस्त लोगों से आवाहन किया है कि सभी लोग एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं कोरोनावायरस के संक्रमण पर रोक लगाने के लिए शासन प्रशासन द्वारा किए जा रहे लॉकडाउन एवं मास्क लगाकर घर के बाहर निकलने तथा 2 गज दूरी बनाए रखने की गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन किया जाए,पाण्डेय ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है की जान की रक्षा करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें अनावश्यक रूप से घर से बाहर ना निकले घरों में ही रहे तभी हम सुरक्षित और स्वस्थ रह सकते हैं यदि घर से बाहर जाना बहुत आवश्यक हो तो उस स्थिति में मास्क लगाकर ही जाएं एवं सार्वजनिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 2 गज दूरी बनाए रखने के लिए निर्देश का पूरी तरह पालन करें इस कोरोना आपदा में धैर्य एवं संयम से काम लें उन्होंने युवाओं से अपील की है कि सभी वैक्सीनेशन कराएं सभी की सोच सकारात्मक हो- सुभाष भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भारत में सीमित संसाधन और अधिक जनसंख्या के कारण कोरोनावायरस को रोकने के लिए लॉकडाउन से बेहतर विकल्प नहीं है सभी लोग घर में रहते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और इस महामारी से अपने आप को सुरक्षित रखें कहीं भी जाने पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क जरूर लगाएं यह दृढ़ निश्चय और आत्म संयम का समय है और एक दूसरे का ध्यान रखें मिश्रा ने कहा कि सभी लोग वैक्सीनेशन कराएं और स्वास्थ्य विभाग द्वारा तय किए गए गाइडलाइन का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें।

## सुपरवाइजर जान जोखिम में डालकर कर रही कार्य विभाग नहीं कर रहा सहयोग

**जयसिंहनगर।** महिला बाल विकास विकासखंड जैसिंहनगर अंतर्गत सेक्टर करकी में कार्यरत सेक्टर सुपरवाइजर के फील्ड का कार्य जैसिंहनगर व करकी से 8 से 10 किलोमीटर दूर क्षेत्र कहलाता है, सुपरवाइजर द्वारा दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र में जाकर कार्य करना पड़ता है इस ओर विभाग महिला सुपरवाइजर की सुरक्षा हेतु किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहा है उनकी अनदेखी के कारण कहीं किसी रोज कोई बड़ी अप्रिय घटना भी घट सकती है ताजा जानकारी अनुसार 19 मई को सुपरवाइजर द्वारा सर्वे का सत्यापन, वैक्सीनेशन कराने हेतु प्रेरित करने एवं केंद्र का निरीक्षण करने हेतु इन दुर्गम क्षेत्र में जाना हुआ था रास्ते में जाते समय कुछ अज्ञात तत्वों द्वारा इनके साथ अभद्रता की गई जोकि बहुत ही दुखद है सुपरवाइजर जोकि महिला है और उसे कार्य को करने हेतु जाने के लिए विभाग द्वारा कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा इस कारण महिलाओं को कार्य करने में दिक्कत हो रही है,।

## कोरोना कर्फ्यू व लाकडाउन की खुलेआम उड़ रही धज्जियां



**पुष्पराजगढ-** पूरा देश इस गंभीर महामारी से जूझ रहा है लगभग पूरे देश सहित अनूपपुर जिले में भी संपूर्ण लाकडाउन या कोरोना कर्फ्यू लागू किया गया किंतु अनूपपुर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर विकासखंड मुख्यालय पुष्पराजगढ़ इस लाकडाउन, कोरोना कर्फ्यू से मुक्त नजर आ रहा है, विकासखंड में भ्रमण के दौरान देखने में आया कि जनपद मुख्यालय स्तर में आधा शटर खोलकर व्यापारी धंधा करते हुए नजर आए जिस ओर पुलिस प्रशासन और ना ही किसी शासकीय विभाग का ध्यान जा रहा है या कहें तो मौन सहमति दिखाई दे रही है,पुलिस विभाग जनपद मुख्यालय कोरोना वॉलिंटियर के भरोसे छोड़ कर लीला तिराहे पर चालान वसुलता हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि पुलिस प्रशासन को चाहिए कि लोगों को समझाइस दे और व्यापारियों के ऊपर जुर्माना लगाकर कड़ी कार्यवाही करें।

## मानूसन आने को तैयार नपा प्रशासन ने अब तक नहीं कराई नाले-नालियों की सफाई -रवि

मैहर । मानसून आने में अब करीब 20-22 दिनों का समय ही बचा है लेकिन मानसून पूर्व की तैयारियों को लेकर नगरपालिका प्रशासन सजग नहीं है ।उक्त आरोप भारतीय जनता पार्टी नेता रवि सराफ ने नगर पालिका प्रशासन पर लगाये है श्री सराफ ने बताया कि पूर्व सालो में मानसून से पहले शहर के नालों की सफाई की जाती रही है जिससे कि बारिश के दौरान नाले चौक न हों और मार्गों पर जलभराव न हो। लेकिन इस बार नगर पालिका ने अब तक सफाई कार्य शुरू नहीं कराया है ।नगर में आमतौर पर 15 जून के आसपास मानसून दस्तक देता है। पिछले सालों में देखने में आया है कि नगरपालिका मई माह की शुरूआत से ही सफाई अभियान शुरू कर देती रही है लेकिन इस बार मई का महीना खत्म होने को है, पर सफाई अभियान शुरू नहीं हुआ है। वार्ड नंबर सात में ललुआ नाला वार्ड नंबर छै का बरा के पास वाला नाला कोतवाली के सामने से पूर्व दरवाजा की ओर जाने वाला नाला हरिजन बस्ती के वार्ड नम्बर नौ के पास का नाला खुठहा नाला वार्ड नंबर 8 देवी जी रोड के सभी नाले आज तक साफ ही नहीं हुए वहां पर बिलबिला रहा है जाम कजरा ब्लैक फंगस की तमाम संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता और कचरे पॉइंट जहां पर कचरा कभी उठाया ही नही जा रहा है पुरानी बस्ती के खुडखुड दास मंदिर के पास वार्ड नंबर 10 मंगालिया चक्की के पास मलियान मोड विष्णु सागर के पास सतना रोड में मछली मंडी के पास कचड़ा कभी खत्म नहीं होता विशेष रूप से स?कों पर पानी भर जाता है। इनमें से डॉक्टर जादवानी के घर के बगल से होकर नटराज स्टेशनरी के पास वाली गली के पास की समस्या का हल वर्षों से नहीं हो पाया है। इसके अलावा मीरा बाई धर्मशाला के पास कचरा पॉइंट साफ नही हो रहे है नगर पालिका कार्यालय के सामने में भी बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बनती है। यहां तक कि कुछ कॉलोनियां मसलन पटेहरा में निगम कॉलोनी में लोगों के घरों में भी बारिश का पानी भर जाता है। यदि समय पर नालों की सफाई नहीं हुई तो इस बार स्थिति और अधिक विकट हो सकती है। वहीं नपा के जिम्मेदार अधिकारी शहर की ज्यादातर कॉलोनियों को अवैध बताकर अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। बारिश के दिनों में मुख्य मार्गों के अलावा शासकीय कार्यालयों के परिसरों में भी बारिश का पानी जमा हो जाता है।



इससे यहां विभिन्ना कार्यों के लिए आने वाले आम लोगों को परेशान होना प?ता है। सबसे ज्यादा परेशानी तहसील परिसर में कार्य कराने के लिए आने वाले लोगों को होती है। उल्लेखनीय है कि तहसील परिसर में तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, आदि की स्थित भी बहुत अच्छी नहीं होती हैं ।थाना मैहर के अंदर भी पुलिस कालोनी में बारिश में तलैया बन जाती है यहां प्रतिदिन कई सैक?ा लोग विभिन्ना कार्यों से आते हैं। बारिश के दौरान यहां जलभराव एवं फिसलन होने के कारण लोगों को परेशान होना प?ता है ।नगर पालिका प्रशासन इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा है समय रहते अगर इस पर काम नहीं हुआ तो बहुत बुरी स्थिति कोरोना संक्रमण काल के कारण और ब्लैक फंगस की समस्या के कारण होने वाली है इसका जवाबदार कौन होगा भाजपा नेता रवि सराफ ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि समय रहते क्षेत्र के नागरिकों को बरसात में होने वाली असुरक्षा से बचाने के काम में नगर पालिका कार्य करे नगरपालिका का शाब्दिक अर्थ से विपरीत आचरण अभी नगरपालिका का है जिला कलेक्टर इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन तो दिशा निर्देश देने का काम करें ।

## लॉकडाउन कोरोना कर्फ्यू में हावी हो गई मुनाफाखोरी

**बघराजी।** बघराजी मे एक तरफ आम जनता करोना वैश्विक महामारी और महंगाई से परेशान थी वहीं अब मुनाफाखोरी कालाबाजारी से भी ग्रस्त होती जा रही है देखा जाए तो आपदा कि इस घड़ी में मुनाफाखोरो का जमीर मर चुका है और उन्हें सिर्फ पैसे कमाने की भूख ने अंधा कर दिया है आलम यह लॉकडाउन के बाजूद धड़ल्ले से गुटखा पाउच-सिगरेट की बिक्री दो-तीन गुना भाव पर बिक रहे हैं वही सब्जी फल के दामों में भी 10 से 20 रुपए किलो तक बढ़ोतरी कर दी गई है!

टमाटर 10 रुपये तक बिक रहा है लेकिन मुनाफाखोरी ने इसके दाम 30 रुपए किलो तक पहुंचा दिए हैं उधर हरी सब्जियों में भिंडी 20 रुपए तो शिमला मिर्च 60 रुपए वही परवल 70 रुपए किलो के ऊंचे दाम तक बिक रहे है जबकि 15 से 20 रुपए किलो तक बिकने वाली पत्ता गोभी के भाव 40 रुपए किलो तक मुनाफाखोरो के चलते हो गए हैं जबकि आलू प्याज के दाम अभी 15-20 रुपए प्रति किलो पर ही टिके हुये हैं दरअसल आलू प्याज की मांग पहले से कम हो गई है जानकारों का कहना है कि लॉकडाउन के पहले ही अधिकतर लोगों ने आलू प्याज की स्टॉक खरीदी कर ली थी यही वजह है कि आलू प्याज मे फिलहाल तेजी देखने को नहीं मिल रही लेकिन मुनाफाखोरी का ऐसा खेल चलता रहा तो आलू प्याज के दाम भी ऊंचे हो जाएंगे !

लॉकडाउन करोना कर्फ्यू का असर खाने के तेल की कीमतों मैं भी देखने को भी मिल रहा है सूत्रों का कहना है कि लॉकडाउन को देखते हुए खाद्य तेल की मांग ज्यादा होने के चलते मुनाफाखोरो ने खाने के तेल के दाम ऊंचे कर दिए ब्रांडेड सोया तेल जो लॉकडाउन के पहले 110-120 रुपए प्रति लीटर था वह तेल पाउच अब 160 रुपए लीटर तक बिकने लगा है!

सूत्रों का कहना मुनाफाखोरो ने शक्कर आटा के दाम 5-10 रुपये किलो तक बढ़ा दिए हैं वही कोरोना के चलते ड्राइफरूट की मांग बढ़ी है विशेषकर बादाम मखाना काजू की मांग ज्यादा बताई जा रही है मुनाफाखोरी के चलते इनके दामों में भी 20-30 रुपये किलो की तेजी आ चुकी है!लॉकडाउन के पहले केला 30 रुपए दर्जन था लेकिन लॉकडाउन के लगते हैं केला 40 रुपए दर्जन बिकने लगा है वही सेब कि कीमत बढकर 180-200 रुपए किलो तक पहुंच गया है जो पहले 140-160 रुपए किलो पर था इसी तरह अंगूर भी 20 रुपए किलो महंगा होकर 100 रुपए किलो के भाव में बिकने लगा है अनार के दाम भी बढ़ाकर 160-170 रुपए किलो तक हो गए हैं 40 रुपए वाला पपीता 50-60 रुपए किलो के भाव तक बिकने लगा है!

## अमानक गेंहू पाए जाने पर नोटिस जारी



**पाटन।** जबलपुर कलेक्टर द्वारा गेहू खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया जिसके तहत ग्राम आरछा नूनसर ओर पाटन के केंद्र 1 और 2 का निरीक्षण किया गया जिसमें नूनसर केंद्र 1 में सड़ा गेहू जो कि काल पड गया था और नॉन एज ए क्यू को अन्य गेहू में मिला कर रखा जा रहा था खरीदी केंद्र नूनसर के दोनों केंद्रों में 10000 क्विंटल गेहू जो कि खुले में पडा था में लापरवाही और अनियमितता पाए जाने पर प्रभारी गंधर्व सिंह को तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी ने नोटिश जारी कर दो दिन में जबाब मांगा है निरीक्षण के दौरान पटवारी रतन चक्रवर्ती प्रवीण साहू केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

## राधेकृष्णा अस्पताल में मरीज की मदद



बरगी। आज विधायक संजय यादव द्वारा बरगी स्थित राधेकृष्णा अस्पताल का दौरा भी किया गया जहाँ मंगेला ओर अन्य जगहों से कोरोना के कारण भर्ती मरीजों का इस ल?ाई को जीतने के लिए स्वागत किया गया , वही हॉस्पिटल के इंचार्ज डॉ गौतम ने बताया कि विगत दिवस मंगेला का एक मरीज हो बहुत खराब स्थिति में अस्पताल आया था जिसे जबलपुर के अस्पतालों ने एडमिट नही किया था उसे विधायक संजय यादव जी के निर्देश पर भर्ती किया गया अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगातार किये गए प्रयासों से आज वो बिल्कुल स्वस्थ हो गया इस दिशा में संजय यादव द्वारा मरीज के इलाज में ब?ी राशि का सहयोग भी किया ।इस कार्य के लिए उनकी व अस्पताल प्रबंधन की सर्वत्र प्रशंशा की जा रही है

## घरों मैं धूमधाम से मनाई गई महात्मा बुद्ध की जयंती

**सिहोरा।** संपूर्ण विश्व में शांति और अहिंसा का संदेश देने वाले भारत को विश्व गुरु की पहचान दिलाने वाले गौतम बुद्ध की 2584 वीं जयंती सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए बुद्ध अनुयायियों द्वारा घरों में मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा बुद्ध के प्रेम अहिंसा और शांति के संदेश को देश के घर घर में फैलाने का संकल्प लिया । इस अवसर पर गांधीग्राम में ओम समद, सुरेश चक्रवर्ती ,अभय चौरसिया, प्रकाश चक्रवर्ती ,राजकुमार पाल, राहुल चौहटे, बरनू तिराहा में प्रधानाचार्य राधा रमण कोरी ,श्रीमती विद्या कोरी, गिरानी लाल कोरी, बेला मे सोनेलाल चौधरी एवं टिकरिया पुरानी में सुनील चौधरी ,संदीप सूर्यवंशी सहित गोसलपुर में हरछठ चौधरी सिहोरा में श्रीमती सरोज चौधरी , किशन चौधरी शिक्षक, डी एल चौधरी ,डॉ बी के साकेत, खितौला बस्ती में के.एल. रैदास ,श्रीमती जमुना रैदास ,पहरेवा नाका में श्रीमती बबीता गोटिया , राजेश कोल, मुकेश चौधरी आदि ने घरों से बुद्ध की जयंती मनाई ।

## पाटन को मिली डिजिटल एक्सरे मशीन

**पाटन।** शासकीय अस्पताल पाटन में कोरोना महामारी से बचाव और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने आये जबलपुर सांसद राकेश सिंह ने बैठक में पाटन अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन की कमी से अस्पताल प्रबंधन ने अवगत कराया थी जिसे पूरा करने की लिए सांसद ने अपनी निधि से इसे पूरा करने की बात कही थी और आज एक डिजिटल एक्सरे मशीन पाटन अस्पताल पहुच गयी जिसे जन प्रतिनिधियों द्वारा अस्पताल को प्रदान किया गया जिसमें राजकुमार लोधी बालचंद जैन देवेंद्र यादव कृष्ण शेखर सिंह राकेश सिंह मनोज नायक राघवेंद्र सिंह दीपू यादव उपस्थित रहे।



## पॉजिटिव जरूरतमंदों को दिया खाद्यान्न



पाटन। कोरोना वायरस के पॉजिटिव मरीजो का हाल जानने प्रशासन की टीम उन के घर पहुची नगर के वार्ड 13 14 15 जो मरीज होम आइसुलेट है उन्हें निशुल्क दबाई प्रदान की गई जिससे उन का स्वास्थ्य अब ठीक है मरीज सुनीता बर्मन की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से राशन की कमी की समस्या से तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी को अवगत कराया तहसीलदार द्वारा तुरंत परिवार को गेहू चावल और अन्य खाद्य सामग्री की किट परिवार को प्रदान की गई बही नगर परिषद द्वारा माइक्रो कंटेनमेट एरिया को वेरिकेटिंग और रस्सी से व्यवस्थित रूप बन्द कर लगातार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है सतत निगरानी से पाटन में पोसिटिव मरीजो की संख्या में कमी आयी है वर्तमान में पाटन तहसील में पोसिटिव मरीजो की संख्या 53 हो गयी है 31 मई तक पाटन को कोरोना मुक्त करने का प्रयास प्रशासन द्वारा किया जा रहा है निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक रमेश किरार पटवारी दिनेश कोरी और नगर परिषद का स्टाफ उपस्थित रहा।

सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।


# फ्रेंड्स- द रीयूनियन, महारानी, ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3

... मई के आख़िरी हफ़्ते में आ रहीं ये वेब सीरीज़ और फ़िल्में



ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन के लिए तमाम वेब सीरीज़ और फ़िल्में उपलब्ध हैं। आने वाले समय में कई बड़ी फ़िल्में भी किसी प्लेटफॉर्म पर आ सकती हैं। फ़िलहाल इस हफ़्ते की बात करते हैं और आपको बताते हैं कि ओटीटी पर क्या-क्या देख सकते हैं।

**नई दिल्ली।** 2021 का पांचवां महीना अपने आख़िरी हफ़्ते में पहुंच गया है। कोरोना वायरस पैनडेमिक की दूसरी लहर की मार कुछ थमी है, मगर ख़तरा बना हुआ है। बेहतर है कि सावधानी का साथ बिल्कुल ना छोड़ा जाए और जितना सम्भव हो एहतियात बरती जाए। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन के लिए तमाम वेब सीरीज़ और फ़िल्में उपलब्ध हैं। आने वाले समय में कई बड़ी फ़िल्में भी किसी प्लेटफॉर्म पर आ सकती हैं। फ़िलहाल, इस हफ़्ते की बात करते हैं और आपको बताते हैं कि ओटीटी पर क्या-क्या देख सकते हैं। अमेज़न प्राइव वीडियो पर 24 मई से सुपरहीरो सीरीज़ द फ्लैश के सातों सीज़न स्ट्रीम कर दिये गये हैं। बिजली की ख़ूबियों वाले इस सुपरहीरो की पैदाइश डीसी कॉमिक्स से हुई है। शो में ग्रांट गस्टिन बैरी एलन यानी फ्लैश के किरदार में दिखते हैं। डीसी की ही सुपरहीरो सीरीज़ ऐरो में




दर्शक फ्लैश से मिल चुके हैं। ऐरो फ़िलहाल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है और बहुत जल्द अमेज़न प्राइम पर आने वाली है। 27 मई को तमिल रोमांटिक-कॉमेडी फ़िल्म एक मिनी कथा अमेज़न प्राइम पर आ रही है। 27 मई को ही चर्चित सीरीज़ फ्रेंड्स का सीक्वल फ्रेंड्स- द रीयूनियन ज़ी5 पर दोपहर 12.32 बजे रिलीज़ किया जाएगा। फ्रेंड्स में जेनिफर एनिस्टन, कर्टेनी कॉक्स, लिसा कुड्रो, मैट लेब्लांक, मैथ्यू पेरी और डेविड श्विमर लौट रहे हैं। 28 मई को सोनी लिव पर वेब सीरीज़ महारानी रिलीज़ हो रही है, जो एक पॉलिटिकल थ्रिलर है। इस सीरीज़ की कहानी बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से प्रेरित है। हुमा कुरैशी लीड रोल में हैं।28 मई से अमेज़न प्राइम पर पैनिक वेब सीरीज़ स्ट्रीम की जा रही है। यह एक ड्रामा सीरीज़ है। 29 मई को ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर वेब सीरीज़ ब्रोकन बट ब्यूटीफुल का तीसरा सीज़न आ रहा है। इस बार सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी लीड रोल्स में हैं। सिद्धार्थ के किरदार का नाम अगस्त्य है, जबकि सोनिया रूमी बनी हैं। सोनिया का यह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में डेब्यू है। ब्रोकन बट ब्यूटीफुल एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज़ है। 31 मई को अमेज़न प्राइम पर सुपरहीरो वेब सीरीज़ सुपर गर्ल का नया सीज़न आ रहा है। यह भी फ्लैश की तरह Arrowverse यानी ऐरो के यूनिवर्स का हिस्सा है।

इसके अलावा 21 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई आर्मी ऑफ़ दे डेड अगर अब तक नहीं देखी है तो इस हफ़्ते देख सकते हैं। हुमा कुरैशी ने इसमें एक छोटी-सी भूमिका निभायी है। ज़ैक स्नायडर की यह ज़ॉम्बी फ़िल्म काफ़ी वीभत्स है और ख़ून-ख़राबे के दृश्यों की वजह से वयस्कों के लिए है। अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा की फ़िल्म संदीप और पिंकी फ़रार अमेज़न प्राइम पर देख सकते हैं।



# लंबे टाइम बात पुराने अंदाज़ में दिखीं शहनाज़ गिल

बिग बॉस फेम और पंजाबी सिंगर शहनाज़ कौर गिल चलती फिरती एंटरटेनर हैं ये बात तो सभी जानते हैं। चाहें बिग बॉस का घर रहा हो या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शहनाज़ अपने फैंस को एंटरटेन करने का तरीका ढूंढ ही लेती हैं।

**नई दिल्ली।** बिग बॉस फेम और पंजाबी सिंगर शहनाज़ कौर गिल चलती फिरती एंटरटेनर हैं ये बात तो सभी जानते हैं। चाहें बिग बॉस का घर रहा हो या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शहनाज़ अपने फैंस को एंटरटेन करने का तरीका ढूंढ ही लेती हैं। बिग बॉस में आने से पहले शहनाज़ को बहुत कम लोग जानते थे, उनकी पॉपुलैरिटी केवल पंजाब तक सीमित थी, लेकिन बिग बॉस के बाद से शहनाज़ की फैन फॉलोइंग कई गुना बढ़ गई है। उनका हर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है जिसे फैंस खूब पसंद भी करते हैं। शहनाज़ सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड फोटोज़ और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। शहनाज़ की फोटोज़ और वीडियो देखने के लिए फैंस भी बेसब्री से इंतज़ार करते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर फिर से एक एंटरटेनिंग वीडियो शेयर किया है जिसमें वो लंबे समय बाद पुराने अंदाज़ में नज़र आ रही हैं। वीडियो में शहनाज़ पंजाबी गाने पर खुलकर डांस करती दिख रही हैं। वीडियो में उन्होंने ब्लैक कलर का सूट पहना हुआ है जिसके साथ उन्होंने लाल रंग का दुपट्टा ओढ़ रखा है और वो अदाएं दिखा-दिखाकर मज़े से डांस कर रही हैं। वीडियों में पुरानी वाली शहनाज़ को देखकर फैंस खुशी से पागल हो गए हैं उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूज़र ने कमेंट करते हुए लिखा है, %बेबी फ्रॉक सूट में बहुत प्यारी लग रही हो% वहीं कुछ यूज़र शहनाज़ को एंजल बता रहे हैं तो कुछ कह रहे हैं कि शहनाज़ इतनी प्यारी हैं कि उन्हें देखकर उन्हें हार्ट अटैक ही न आ जाए। आपको बता दें शहनाज़ कौर गिल अब इंटरनेट सेंसेशन बन चुकी हैं। बिग बॉस से बाहर आने के बाद वो कई गानों में नज़र आ चकुी हैं और कई में नज़र आने वाली हैं। इसके अलावा उनकी और सिद्धार्थ शुक्ला की फोटोज़ भी आए दिन वायरल होती रहती हैं जिसकी वजह से वो चर्चा में रहती हैं।






# परेशान हुए साउथ सुपरस्टार नागार्जुन

**'बच्चों पर अटैक बर्दाश्त नहीं' बहू सामंथा अक्किनेनी के खिलाफ विरोध से परेशान हुए साउथ सुपरस्टार नागार्जुन**



अमेज़न प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज़ 'द फैमिली मैन 2' को रिलीज़ होने में अब बस कुछ ही दिन बाकी हैं और इधर साउथ इंडियन एक्ट्रेस सामंथा अक्किनेनी के किरदार पर शुरू हुआ बवाल अभी तक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।





**नई दिल्ली।** अमेज़न प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज़ 'द फैमिली मैन 2' को रिलीज़ होने में अब बस कुछ ही दिन बाकी हैं, और इधर साउथ इंडियन एक्ट्रेस सामंथा अक्किनेनी के किरदार पर शुरू हुआ बवाल अभी तक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। तमिलनाडु में सीरीज़ का भारी विरोध किया जा रहा है और इसे बैन करने की मांग की जा रही है। इतना ही नहीं तमिलनाडु के मंत्री ने भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को पत्र लिखकर सीरीज़ पर बैन लगाने की मांग की है। भारी विरोध के बीच सामंथा से लेकर मनोज बाजपेयी और शो के मेकर्स तक का बयान आ चुका है, लेकिन विवाद अब भी जारी है। इसी बीच खबर सामने आई है कि सामंथा अक्किनेनी के ससुर और साउथ सिनेमा सुपरस्टार नागार्जुन अपनी बहू के खिलाफ हो रहे इस विरोध प्रदर्शन से काफी अपसेट हैं। नागा अपनी बहू को बहुत प्यार करते हैं और उन्हें बेटी की तरह मानते हैं इसलिए उनके खिलाफ हो रही इस ट्रोलिंग से वो बहुत परेशान हैं। नागार्जुन के परिवार के एक सदस्य ने स्पॉटब्वॉय से बातचीत में बताया, 'इन विरोधों से नागार्जुन अंजान नहीं है। लेकिन उनके बच्चों पर कोई अटैक करे ये वो बर्दाश्त नहीं करेंगे। सामंथा को वो अपने परिवार की बेटी जैसा मानते हैं। इसलिए सामंथा के इस स्थिति में फंसने की वजह से वो बहुत दुखी हैं'।

## क्यों हो रहा है विरोध..

आपको बता दें कि सामंथा को सीरीज़ में एक आतंकी संगठन का सदस्य दिखाया गया है, जो तमिल समुदाय से है। कुछ दृश्यों में पहनावे की वजह से लिट्टे से भी समानता दिखती है। तमिल भाषी लोगों का कहना है कि सीरीज़ उन्हें ख़राब ढंग से दिखा रही है। तमिलों के संघर्ष का अपमान कर रही है। हालांकि सामंथा कह चुकी हैं कि वो खुद हाफ तमिल हैं और तमिलनाडु की परंपराओं और राजनीति से पूरी तरह वाकिफ हैं तो वो तमिलनियन का अपमान क्यों करेंगी। आपको बता दें कि सीरीज़ 4 जून को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हो रही है।

# आरआरआर की फिर टल सकती है फिल्म की रिलीज डेट

दिग्गज निर्माता-निर्देशक एसएस राजमौली अपनी आने वाली फिल्म आरआरआर को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता रामचरण तेजा और एनटीआर जूनियर के साथ बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और अभिनेत्री आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।



**नई दिल्ली।** दिग्गज निर्माता-निर्देशक एसएस राजमौली अपनी आने वाली फिल्म आरआरआर को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता रामचरण तेजा और एनटीआर जूनियर के साथ बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और अभिनेत्री आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। फिल्म आरआरआर लंबे समय से सुर्खियों में हैं, लेकिन अब इस फिल्म की रिलीज डेट को टाल दिया गया है। फिल्म आरआरआर की रिलीज डेट को बार-बार टाला जा रहा है। अब सबसे हालिया रिलीज की तारीख 13 अक्टूबर को रद्द कर दिया गया है। कोरोना महामारी के चलते फिल्म के मेकर्स ने यह फैसला किया है। अंग्रेजी वेबसाइट स्पॉटब्वॉय की खबर के अनुसार आरआरआर के एक अभिनेता ने इस बात की जानकारी दी है। अभिनेता ने कहा, %यह केवल कोविड मामलों में वृद्धि नहीं बल्कि हताहतों की संख्या में भी बढ़ौतरी है। फिल्म के प्रमुख मुख्य अभिनेता एनटीआर जूनियर ने कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे है। अभिनेता आगे कहा, एनटीआर जूनियर से पहले रामचरण ने भी संक्रमित हुए थे। आलिया ने अभी तक राजामौली के साथ शूटिंग शुरू नहीं की है, उनकी भी कोविड जांच पॉजिटिव आई है। मैं डरा हुआ हूं। अभी काफी शूटिंग बाकी है। भले ही अक्टूबर तक कोविड संकट में सुधार हो, लेकिन राजा सर फिल्म को समय पर पूरा और रिलीज नहीं कर सकते हैं। वहीं वेबसाइट को आरआरआर के करीबी सूत्रों मे बताया है कि फिल्म की रिलीज को लेकर मेकर्स का अनुमान जारी है। इस फिल्म को जनवरी 2022 से पहले रिलीज करना मुश्किल है। हालांकि इस फिल्म की रिलीज को लेकर भी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई। गौरतलब है कि फिल्म आरआरआर में अभी तक राम चरन, एनटीआर जूनियर और आलिया भट्ट के किरदार उनके जन्मदिन पर रिवील किए जा चुके हैं। फिल्म में कुछ नामचीन विदेशी कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म आरआरआर का पूरा नाम Roudram Ranam Rudhiram है। मूल रूप से तेलुगु में बन रही फिल्म आरआरआर हिंदी समेत 10 भाषाओं में रिलीज होगी। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दो ऐसे गुमनाम हीरो की कहानी है, जिन्होंने पहले नवाब और फिर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग छेड़ी थी। इन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम अल्लूरी सीता रामराजू और कोमाराम भीम हैं।


# कैसे पहुंचे सिटी अस्पताल तक खाकी के हाथ









## प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में नकली रेमडेसीविर इंजेक्शन मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा से वार्ता







**जबलपुर,यशभारत। कोरोना का आज में नकली रेमडेसीविर इंजेक्शन मामला किसी चुनौती से कम नहीं था गुजरात पुलिस से अहम जानकारियां हासिल होने के बाद जबलपुर से जुड़े रसूखदार के खिलाफ साक्ष्य जुटाना भी एक बड़ी चुनौती था लेकिन खाकी द्वारा अथक मेहनत और सूक्ष्मता से मामले की जांच कर न केवल रहस्यों से पर्दा उठाया बल्कि इसमें जुड़े सारे अपराधियों को भी सींखचों के पीछे पहुंचाया। प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में आज हम जबलपुर के इस बहुचर्चित मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा से जानकारी लेने पहुंचे। जिन्होंने हमें मामले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां वार्ता के दौरान हमसे साझा की।**

### गुजरात पुलिस से मिले लिंक

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने बताया कि इस पूरे मामले के खुलासे के पीछे गुजरात पुलिस का अहम योगदान है। जिनके माध्यम से हमें नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन की जानकारी लगी। गुजरात पुलिस द्वारा जब पुनीत शाह और कौशल गोरा की गिरफ्तारी की गई तो गुजरात में चल रहे नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन का भंडा फूटा।

### सुनील मिश्रा से आया सिटी हॉस्पिटल का नाम

गुजरात पुलिस द्वारा रीवा निवासी व इंदौर में रह रहे, सुनील मिश्रा की गिरफ्तारी की गई तो उससे पूछताछ में सिटी हॉस्पिटल में फार्मासिस्ट देवेश चौरसिया का नाम सामने आया। जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा मामले को जांच में लिया, जिसमें यह बात सामने आई देवेश चौरसिया ने दवा विक्रेता सपन जैन से 5 सौ नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन मंगाए थे।

### 171 लोगों को लगे 209 नकली इंजेक्शन

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिटी अस्पताल द्वारा नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन मंगाए जाने के बाद यहां इलाजरत् 171 मरीजों को 209 नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन लगाए गए जिसके चलते 9 लोगों की मौत हुई है।



### पत्नी वह मैनेजर सोनिया ने नष्ट किए इंजेक्शन

मोखा की पत्नी मैनेजर सोनिया की गिरफ्तारी की वजह को लेकर पुलिस अधीक्षक श्री बहुगुणा का कहना है कि इन लोगों के द्वारा नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन नष्ट करना पाया गया है। लगभग 2 सौ नकली इंजेक्शन, इनके द्वारा नष्ट किए गए। पुलिस पूछताछ में यह जानकारी सामने आने के बाद इसकी पुष्टि आरोपियों द्वारा की गई और मौके से साक्ष्य भी बरामद किए गए।

### दस्तावेज नष्ट करने का प्रयास

श्री बहुगुणा ने बताया कि सिटी अस्पताल द्वारा नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन के मामले का भंडाफोड़ होने के बाद अस्पताल संचालक सरबजीत सिंह नोखा ने अस्पताल के दस्तावेजों को नष्ट करने व उसमें हेर फेर करने की भी कोशिश की थी। एसआईटी ने मैनेजर सोनिया और दिवेश चौरसिया से पूछताछ की तो उन्होंने यह अहम खुलासा किया कि मौका द्वारा दस्तावेजों का हेर फेर किया था।

### राकेश शर्मा का भी अहम रोल

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक जबलपुर पुलिस द्वारा सरबजीत सिंह मोखा के साथ उनकी पत्नी, बेटे और अस्पताल की मैनेजर सोनिया, देवेश चौरसिया के साथ राकेश शर्मा की भी गिरफ्तारी हुई है। इन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राकेश शर्मा ने ही इंदौर में पैसे पहुंचाए और नकली इंजेक्शन जबलपुर तक मंगाने की पूरी व्यवस्था की।

### कोरोना के साथ जांच बनी चुनौती

श्री बहुगुणा ने बताया नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन के रहस्योद्घाटन के बाद, सिटी अस्पताल का नाम सामने आया जहां बड़ी संख्या में कोरोना से संक्रमित मरीज अपना इलाज करवा रहे थे। ऐसे में साक्ष्य जुटाना बड़ी चुनौती था। लेकिन जबलपुर द्वारा गठित एसआईटी टीम ने अपनी सूक्ष्म जांच कर न केवल नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन की बरामदगी की बल्कि सारी कड़ियों को जोड़ते हुए मामले से जुड़े सारे आरोपियों को बेनकाब किया।

### अस्पताल को थी नकली होने की जानकारी

श्री बहुगुणा ने कहा कि हालांकि यह अभी जांच का विषय है लेकिन अभी तक आरोपियों से बातचीत में इस बात की पुष्टि होती है, कि आरोपियों को इंजेक्शन के नकली होने की जानकारी पहले से थी। जिसके चलते उसे नष्ट करने का प्रयास किया गया। श्री बहुगुणा बताते हैं, टूटी हुई बोतल जो जांच के दौरान मिली है वह स्वयं गवाही दे रही हैं कि साक्ष्यों को छुपाने का प्रयास किया गया था।

### कालाबाजारियों पर लगाई लगाम

मामले में रसूखदार लोगों के नाम सामने आने के बाद यह मामला पुलिस के लिए चुनौती बन गया था। दबाव को सिरे से नकारते हुए, पुलिस अधीक्षक बहुगुणा कहते हैं कि इस मामले में प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित पुलिस के आला अधिकारियों का सख्त निर्देश था कि कालाबाजारीयों को किसी भी तरह से नहीं छोड़ना है और जबलपुर पुलिस द्वारा अभी तक 8 आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई की है जो कालाबाजारी में संलिप्त रहे।

### शिकायतें प्राप्त होना जारी

मामले में पीड़ितों द्वारा की गई शिकायतों के विषय में जब जानकारी ली गई सो एसपी श्री बहुगुणा ने बताया कि अभी तक कुछ शिकायतें उन्हें लिखित में प्राप्त हुई है। वही टीम द्वारा स्वयं जाकर मरीजों के परिजनों के बयान भी दर्ज किए हैं। जिनकी जांच सूक्ष्मता से की जा रही है ,क्योंकि पुलिस द्वारा स्वयं ही परिजनों के पास पहुंचकर पूछताछ कर रही है जिससे बहुत से मरीजों के परिजनों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

समूचे मामले को लेकर अधिकारियों द्वारा किए गए योगदान के विषय में श्री बहुगुणा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम गोपाल खांडेल, एवं विवेचक सीएसपी अखिलेश गौर के साथ ही संबंधित थाना प्रभारियों की भूमिका भी अहम रही।

# अनियंत्रित कार पलटी 1 मृत , 4 घायल

**जबलपुर, यश भारत।** गाडरवारा से जायलो कार में उपचार कराने के लिए जबलपुर आ रहे मरीजों की कार भेड़ाघाट थाना अंतर्गत हीरापुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई । इस दुर्घटना में कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं एक 72 वर्षीय वृद्धा की मेडिकल में उपचार के दौरान मौत हो गई पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर दुर्घटना को विवेचना में लिया है। दुर्घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गाडरवारा जिला नरसिंहपुर निवासी 72 वर्षीय जयंती बाई कौरव पति परशुराम कोरव सरिता कौरव सोनू शर्मा लता शर्मा एवं विष्णु शर्मा जायलो कार से उपचार कराने के लिए जबलपुर जा रहे थे उक्त वाहन जैसे ही हीरापुर के पास पहुंचा ही था कि चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार आने जाकर पलट गई इस दुर्घटना की सूचना जैसे ही आसपास के लोगों को लगी तो वह मदद के लिए आगे आए और कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल अस्पताल लाया गया जहां पर 72 वर्षीय जयंती बाई कोरव ने दम तोड़ दिया वही कार में सवार अन्य लोगों को मामूली चोट आने के कारण उनका उपचार करने के बाद रवाना कर दिया गया पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए दुर्घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

## कोरोना प्रोटोकाल का पालन करना मंहगा पड़ा

# सब्जी वाले ने आरक्षक की छाती पर चाकू घोंपा

**जबलपुर,यशभारत।** गढ़ा बजारिया में आज दिन दहाड़े एक सब्जी ठेला विक्रेता ने गढ़ा थाने में पदस्थ आरक्षक के सीने में चाकू घोंप दिया। आरक्षक पेट्रोलिंग के तहत कोरोना गाइड लाइन का पालन के लिए गढ़ा बजारिया पहुंचा था जहां से सब्जी ठेला वालों को मोहल्ले और कॉलोनियों में जाकर सब्जी विक्रय के निर्देश दिए परंतु उनमें से सब्जी ठेला विक्रेता ने आरक्षक की बात को अनसुना करते हुए बहस करने लगा औरे देखते ही देखते आरक्षक पर चाकू से प्राणघातक हमला करते हुए घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जबकि घायल आरक्षक को मेडिकल में भर्ती कराया गया है। ग?ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने मे पदस्थ आरक्षक अजय आज दोपहर 12 बजे ग?ा बजारिया पहुंचे जहां कलेक्टर द्वारा जारी किए गए सब्जी बिक्री की जानकारी सब्जी-ठेला वालों को देने लगे। इसके बाबजूद कुछ ठेला वाले मानने को तैयार नहीं थे और गढ़ा बजारिया में ही अपना-अपना ठेला जमाए बैठे थे। कई बार समझाने के बाद ठेला वाले कॉलोनी और मोहल्लों की तरफ चले गए परंतु छोटी बजारिया निवासी आहिद उस्मानी अपना ठेला लेकर कहीं नहीं गया और आरक्षक से बहस करने लगा। देखते ही देखते सब्जी-ठेला विक्रेता आरक्षक के साथ झूमा झपटी करने लगा और कुछ देर में पास रखे चाकू से आरक्षक पर हमला कर दिया। आरोपी ने आरक्षक की जान लेने की नीयत से सीने में चाकू से कई वार किए जिसकी वजह आरक्षक लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। सूचना पर पहुंचे तो आरक्षक बेहोशी की हालात में पड़ा हुआ था जिसे उपचार के लिए मेडिकल में भर्ती कराया गया।



मेडीकल की ओपीडी में थाना प्रभारी राकेश तिवारी व स्टाफ

## नकली इंजेक्शन कांड

# हरकरण सिंह मोखा का दिल्ली वाला मोबाइल-सिम जप्त

**जबलपुर, यशभारत। नकली इंजेक्शन कांड मामले में एसआईटी टीम एक नया प्रयोग करने जा रही है। अब इस मामले के दो मुख्य आरोपी और पिता-पुत्र को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ होगी।**

सरबजीत सिंह मोखा और उनके पुत्र हरकरण सिंह मोखा के मामले में गुमराह करने और साक्ष्य छुपाने के बाद एसआईटी ने नया पैंतरा अपनाया है। मालूम हो कि सिटी अस्पताल के संचालक सरबजीत सिंह मोखा को कोर्ट में पेश कर तीन दिन की रिमांड ली गई है। जबकि हरकरण सिंह मोखा पहले से ही पुलिस की रिमांड में है। एसआईटी टीम के अखिलेश गौर ने जानकारी देते हुए बताया कि हरकरण सिंह मोखा और सरबजीत सिंह मोखा कितना सच और कितना झूठ बोल रहे हैं इसका पता लगाने के लिए दोनों पिता-पुत्र को आमने-सामने बैठाया जाएगा जिससे क्लीयर होगा कि इस मामले में दोनों कितना सच बोल रहे हैं।

### पिता-पुत्र को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी एसआईटी टीम

### साइबर सेल को दिया जाएगा

एसआईटी टीम की जानकारी के अनुसार हरकरण सिंह मोखा से एक मोबाइल जप्त किया गया है जो उसने दिल्ली में खरीदा था। साथ ही मोबाइल लगी सिम को भी बरामद किया गया है। एसआईटी टीम का कहना है कि मोबाइल-सिम को साइबर सेल को दिया जाएगा जिसमें पता किया जाएगा हरकरण सिंह मोखा ने फरारी के दौरान मोबाइल से किस-किस से संपर्क किया।

# पंचर बनाते आया हार्ट अटैक, टूट गई सांसें

**जबलपुर।** धनवंतरी नगर दुकान लगाकर पंचर बनाने वाले भूकंप कॉलोनी निवासी प्रदीप उर्फ बड्डा का पंचर बनाते समय आए हार्ट अटैक से मौत हो गई। भाजपा नेता जीतू कटारे ने बताया कि सामुदायिक भवन धनवंतरी नगर रोड के किनारे ए टू जेड नाम से संचालित अपनी दुकान में पंचर बना रहा था। अचानक उसे सीने में दर्द उठा। शायद हार्ट अटैक आया जिससे वह जमीन पर गिर गया। फोन पर सूचना प्राप्त हुई जिसके उपरांत जाकर देखा तो जिंदगी मौत से हार चुकी थी । इसकी सूचना संजीवनी नगर थाने मैं देने के उपरांत 108 को फोन लगाया एंबुलेंस आने के पहले ही स्थानीय लोगों की मदद से निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं.
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
पेट में लंबे समय से तकलीफ
लिवर से संबंधित बीमारियां
पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )